वर्ष : 33 ▸ अंक : 284 ▸ पृष्ठ : 8 ▸ मुंबई, सोमवार, 30 दिसंबर 2024 ▸ RNI: MAHHIN/49994/91 ▸ मूल्य : 3 रुपए ▸ epaper.dobajedopahar.com ▸ संपादक : अरुण लाल




# DBD दो बजे दोपहर

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है





P8 दिल्ली में वोटर लिस्ट को लेकर छिड़ी लड़ाई

P7 जसप्रीत बुमराह : सबसे कम टेस्ट में 200 विकेट लेने वाले भारत के पहले तेज़ गेंदबाज़

# 24 घंटे में तीन विमान हादसे

- कनाडा: लैंडिंग गियर फेल होने से हादसा
- नॉर्वे: इंजन खराबी के बाद सुरक्षित लैंडिंग

एजेंसी । नई दिल्ली

ये साल जाते-जाते गहरे जख्म दे गया है। जख्म भी ऐसे जो कभी भर नहीं पाएंगे। दरअसल, बीते 24 घंटे में तीन देशों में तीन बड़े विमान हादसे हुए। पहला बड़ा प्लेन हादसा दक्षिण कोरिया में हुआ। यहां मुआन इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर 181 लोगों को ले जा रहे जेजू एयर का विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, उसमें आग लग जाने से 179 लोगों की मौत हो गई। दूसरा हादसा- कनाडा के हैलिफैक्स एयरपोर्ट पर हुआ, यहां एयर कनाडा के एक विमान की एयरपोर्ट पर खतरनाक लैंडिंग हुई, जिसमें विमान रनवे से फिसल गया और लैंडिंग गियर टूट जाने के कारण उसमें आग लग गई। यह घटना तब हुई जब विमान के लैंडिंग गियर में खराबी आ गई और उसके विंग्स रनवे से टकरा गए, इसके चलते उसमें आग लग गई। तीसरा हादसा- नॉर्वे के ओस्लो एयरपोर्ट पर हुआ।

## साउथ कोरिया: 179 लोगों ने गंवाई जान



सबसे पहले बात करते हैं साउथ कोरिया विमान दुर्घटना की। रविवार को साउथ कोरिया के मुआन इंटरनेशनल एय़रपोर्ट पर 181 लोगों को ले जा रहे जेजू एयर का विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान में आग लगने से 179 लोगों की मौत हो गई। जबकि 2 लोगों को बचा लिया गया है। यह देश के इतिहास में सबसे घातक विमानन आपदाओं में से एक बन गई। 15 साल पुराना विमान बोइंग 737-800 जेट थाईलैंड के बैंकॉक से आया था। वह रनवे से उतर गया, लेकिन विमान का लैंडिंग गियर खराबी के कारण बंद था, और एयरपोर्ट पर सुबह 9:07 बजे (स्थानीय समय) उतरने का प्रयास करते समय वह कंक्रीट की बाड़ से टकरा गया। अधिकारियों को संदेह है कि लैंडिंग गियर में खराबी संभवतः पक्षी के टकराने के कारण हुई थी। विमान के बाड़ से टकराते ही उसमें आग लग गई, और विमान के कुछ हिस्सों में धुआं उठा और आग की लपटें चारों तरफ फैल गईं। दक्षिण कोरिया की राष्ट्रीय अग्निशमन एजेंसी के अनुसार हादसे में 179 लोग मारे गए। इसमें 83 महिलाएं, 82 पुरुषों की पहचान हो गई है, शेष की शिनाख्त नहीं हो सकी है। आपातकालीन कर्मचारियों ने दो लोगों को बचाया जो होश में थे।

## कनाडा में हुआ दूसरा हादसा

दूसरा हादसा कनाडा में हुआ। यहां एयर कनाडा की एक फ्लाइट हैलिफैक्स एयरपोर्ट पर खतरनाक लैंडिंग हुई। लैंडिंग के दौरान विमान रनवे से फिसल गया। उसका लैंडिंग गियर टूट गया। टूटे हुए लैंडिंग गियर के साथ उतरने के बाद उसमें आग लग गई। हालांकि इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। ये घटना तब हुई जब विमान के लैंडिंग गियर में खराबी आ गई, जिससे विंग रनवे से टकरा गया और आग लग गई। आपातकालीन दल ने तुरंत घटनास्थल पर पहुंचकर आग बुझाई और विमान में सवार सभी यात्रियों और चालक दल की सुरक्षा सुनिश्चित की। विमान में सवार एक यात्री ने बताया कि विमान का एक टायर उतरते समय ठीक से नहीं खुला। उन्होंने कहा कि विमान बाईं ओर लगभग 20 डिग्री के एंगल पर झुकने लगा और जैसे ही ऐसा हुआ, हमने बहुत तेज़ आवाज़ सुनी, जो लगभग किसी हादसे जैसी थी, विमान का विंग फुटपाथ पर टकराने लगा, उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि विमान इंजन भी रनवे पर फिसल गया था। एहतियात के तौर पर हैलिफैक्स हवाई अड्डे को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है।

## नॉर्वे के ओस्लो में हुआ तीसरा हादसा

तीसरा हादसा नॉर्वे में हुआ। केएलएम का विमान स्थानीय समयानुसार शाम 7:14 बजे टॉर्प सैंडफजॉर्ड एयरपोर्ट पर उतरा, गनीमत है कि विमान में सवार सभी 182 लोग सुरक्षित हैं, जिनमें चालक दल के सदस्य भी शामिल हैं। विमान ने शाम 6:55 बजे ओस्लो से उड़ान भरी, लेकिन यात्रियों और चालक दल ने उड़ान भरने के तुरंत बाद तेज आवाज सुनने की सूचना दी। केएलएम ने एक बयान में कहा कि एक तेज आवाज के कारण पायलटों को सुरक्षा के लिए टॉर्प की ओर मुड़ना पड़ा। स्थानीय मीडिया ने बताया कि पायलटों ने बाएं इंजन से धुआं निकलता देखा। इसके बाद विमान की लैंडिंग कराई गई, हालांकि विमान रनवे पर कंट्रोल नहीं हो पाया और रनवे से फिसलकर घास में रुक गया।




# अब निकाय चुनाव पर भाजपा की नजर

डीबीडी संवाददाता । मुंबई



महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में अभूतपूर्व सफलता के बाद भाजपा ने अब निकाय चुनाव में कमल खिलाने के लिए ध्यान केंद्रित कर दिया है। बीजेपी अब निकाय चुनावों का अकेले सामना करने का मन बना रही है। इसके लिए भाजपा आम जनता को आकर्षित करने के लिए विकास के नए वादे और छूट दिए जाने का ऐलान कर सकती है।

12 जनवरी को शिरडी में भाजपा का राज्य स्तरीय सम्मेलन होने जा रहा है। इस सम्मेलन से राज्य में विकास अभियान की शुरुआत होगी। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और राज्य के राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने बताया कि हम इसी सत्र से आगामी निकाय चुनाव की तैयारी भी शुरू कर देंगे।

पिछले तीन दशकों से साईं दरबार में आ रहे चंद्रशेखर बावनकुले शुक्रवार शाम को शिरडी आए थे। दर्शन के बाद साईं संस्थान के प्रभारी एवं सीईओ बालासाहेब कोलेकर ने उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री राधाकृष्ण विखे पाटिल, पूर्व सांसद सुजय विखे पाटिल, विधायक शिवाजीराव कार्डिले, विधायक मोनिका राजले, विधायक विक्रमसिंह पाचपुते, पूर्व विधायक स्नेहलता कोल्हे, पूर्व ट्रस्टी सचिन तांबे, जिला अध्यक्ष नितिन दिनकर आदि लोग उपस्थित थे।

## जेपी नड्डा करेंगे सम्मेलन का उद्घाटन

चंद्रशेखर बावनकुले ने बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा सम्मेलन का समापन किया जाएगा। राज्य स्तरीय पार्टी सम्मेलन में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के साथ-साथ बीजेपी के सभी मंत्री, सांसद, विधायक और पंद्रह हजार पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। उन्होंने बताया चूंकि केंद्र और राज्य में एक ही पार्टी की सरकार है, इसलिए पार्टी की तरफ से हम सरकार से कई मांगें करेंगे। इन मांगों के माध्यम से प्रदेश की जनता से किए गए वादे पूरे किए जाएंगे। इसके अलावा विकास और आगामी निकाय चुनाव की शुरुआत की जाएगी। 11 जनवरी को पार्टी की कोर कमेटी की बैठक शिरडी में होगी। संतोष देशमुख की हत्या में किसी को बख्शा नहीं जाएगा। बीड, तुलजापुर की घटना गंभीर है और मुख्यमंत्री ने इसकी जांच शुरू कर दी है।

# नवयुग सुरंग को दिया जाए मनमोहन सिंह का नाम : अब्दुल्ला

एजेंसी । श्रीनगर



जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने रविवार को कहा कि इस केंद्र शासित प्रदेश के विकास में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के योगदान को देखते हुए कश्मीर को जम्मू क्षेत्र से जोड़ने वाली नवयुग सुरंग का नाम उनके नाम पर रखा जाना चाहिए। अब्दुल्ला ने यहां मीडिया से बात करते हुए कहा कि श्रीनगर-जम्मू राजमार्ग पर दो सुरंग हैं। एक का नाम श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नाम पर रखा गया है। दूसरी सुरंग यानी नवयुग सुरंग का नाम मनमोहन सिंह के नाम पर रखा जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सिंह ने जम्मू-कश्मीर के विकास एवं कल्याण के लिए जबरदस्त योगदान दिया था। सिंह का तीन दिन पहले निधन हो गया था। मनमोहन सिंह के स्मारक को लेकर इस वक्त देश में राजनीति हो रही है। सरकार और विपक्ष एक दूसरे पर मनमोहन सिंह के अपमान का आरोप लगा रहे हैं। इससे पहले उन्होंने कहा था कि अफसोस है कि डॉ. मनमोहन सिंह के गुजरने के बाद भी यह झगड़े चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैं केवल जम्मू-कश्मीर के हवाले से उनको याद करूंगा। डॉ. मनमोहन सिंह ने जम्मू-कश्मीर के लिए बहुत किया है और शायद ही किसी प्रधानमंत्री ने जम्मू-कश्मीर के लिए इतना किया होगा। अब्दुल्ला ने कहा कि बहुत कुछ जम्मू-कश्मीर को मनमोहन सिंह के दौर में मिला जिसके लिए उन्हें जम्मू-कश्मीर हमेशा याद रखेगा।

बता दें कि मनमोहन सिंह का जन्म 26 सितंबर 1932 को हुआ था। अर्थशास्त्री होने के अलावा मनमोहन सिंह ने 1982-1985 तक भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर के रूप में भी काम किया। वे 2004-2014 तक अपने कार्यकाल के साथ भारत के 13वें प्रधानमंत्री थे। उन्होंने 1991 से 1996 के बीच पांच साल भारत के वित्त मंत्री के रूप में बिताए और आर्थिक सुधारों की एक व्यापक नीति की शुरुआत करने में उनकी भूमिका को दुनिया भर में मान्यता प्राप्त है। भारत में उन वर्षों के लोकप्रिय दृष्टिकोण में, वह अवधि सिंह के व्यक्तित्व के साथ अभिन्न रूप से जुड़ी हुई है। उनका अंतिम संस्कार बीते शनिवार दोपहर राष्ट्रीय राजधानी के निगमबोध घाट पर किया गया।

# 15 जनवरी तक बदल जाएंगे 7 राज्यों के भाजपा अध्यक्ष

एजेंसी । नई दिल्ली

भाजपा में जल्द ही संगठन स्तर पर बड़ा फेरबदल होने जा रहा है। नए साल में जनवरी के आखिरी या फरवरी के पहले हफ्ते में पार्टी को नया राष्ट्रीय अध्यक्ष मिल सकता है। हालांकि पार्टी के संविधान के मुताबिक इससे पहले 50 फीसदी राज्यों में संगठन चुनाव पूरे करने होंगे। इसके अलावा 15 जनवरी तक मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, गुजरात, पश्चिम बंगाल, जम्मू-कश्मीर और झारखंड में भी प्रदेश अध्यक्ष बदले जाएंगे। संगठन चुनाव को लेकर रविवार को दिल्ली में पार्टी की बैठक हुई, जिसमें इन चुनावों पर चर्चा हुई। बैठक में पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा, संगठन महासचिव बीएल संतोष के अलावा सभी राष्ट्रीय महासचिव और संगठन चुनाव प्रभारी, सह प्रभारी मौजूद रहे। इसके अलावा राज्यों से प्रदेश अध्यक्ष, संगठन मंत्री और चुनाव अधिकारी भी बैठक में शामिल हुए।



## हर एक पद के लिए आयु सीमा तय

युवाओं को महत्व भाजपा ने अपने संगठन में युवाओं को महत्व देने के लिए पहले ही आयु सीमा तय कर दी है। इसके लिए जिलों के अंदर नियुक्त होने वाले मंडल अध्यक्ष की आयु 35 से 45 वर्ष के बीच तय की गई है। वहीं, जिला अध्यक्ष की आयु 45 से 60 वर्ष के बीच होगी। जिला अध्यक्ष के लिए 7 से 8 साल तक संगठन में काम करने का अनुभव भी अनिवार्य किया गया है। इनका चुनाव 15 जनवरी तक पूरा करने का लक्ष्य है। भाजपा ने महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनाव की घोषणा के दिन (15 अक्टूबर) ही पार्टी के आंतरिक चुनाव के लिए पदाधिकारियों की नियुक्ति कर दी थी। पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने तेलंगाना से राज्यसभा सांसद डॉ. के लक्ष्मण को राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी नियुक्त किया था। राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए उनके नाम पर चर्चा थी, लेकिन उन्हें राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी बनाए जाने के बाद इन अटकलों पर विराम लग गया। इसके अलावा नरेश बंसल, रेखा वर्मा, संबित पात्रा को राष्ट्रीय सह चुनाव अधिकारी बनाया गया। पार्टी के सभी राष्ट्रीय महासचिव और अन्य पदाधिकारियों को अलग-अलग राज्यों का पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया।

## लोकसभा चुनाव के चलते बढ़ा कार्यकाल

जेपी नड्डा को जून 2019 में पार्टी का कार्यकारी अध्यक्ष और जनवरी 2020 में पूर्णकालिक अध्यक्ष बनाया गया था। पार्टी अध्यक्ष का कार्यकाल 3 साल का होता है। इस लिहाज से नड्डा का कार्यकाल 2023 में खत्म हो गया है। लोकसभा और विधानसभा चुनाव को देखते हुए उनका कार्यकाल बढ़ाया गया था। भाजपा के संविधान के मुताबिक एक व्यक्ति अधिकतम दो बार लगातार अध्यक्ष रह सकता है। नड्डा के केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल होने के बाद उनके दोबारा अध्यक्ष बनने की संभावना खत्म हो गई है।

## क्यों फरवरी में होगा राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव

भाजपा के संविधान के मुताबिक कम से कम 50 फीसदी यानी आधे राज्यों में संगठन चुनाव के बाद ही राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव हो सकता है। इस लिहाज से देश के 29 में से 15 राज्यों में संगठन चुनाव के बाद ही भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव होता है। लगातार दो बार मंडल अध्यक्ष या जिला अध्यक्ष रह चुके व्यक्ति को तीसरी बार मौका नहीं मिलेगा। यह भी तय किया गया है कि संगठन में किसी भी पद पर काम करने वाले व्यक्ति को ही जिला अध्यक्ष बनाया जाएगा।

## राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने की अर्हताएं

भारतीय जनता पार्टी में अध्यक्ष के चुनाव के लिए पार्टी के संविधान में स्पष्ट निर्देश हैं। पार्टी संविधान की धारा 19 के तहत राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव का प्रावधान किया गया है। धारा 19 के अनुसार पार्टी अध्यक्ष का चुनाव एक निर्वाचक मंडल द्वारा किया जाएगा। इसमें राष्ट्रीय परिषद और राज्य परिषदों के सदस्य होंगे। पार्टी संविधान में कहा गया है कि यह चुनाव राष्ट्रीय कार्यकारिणी द्वारा निर्धारित नियमों के अनुसार होगा। अध्यक्ष चुने जाने के लिए जरूरी है कि व्यक्ति कम से कम 15 साल तक पार्टी का प्राथमिक सदस्य रहा हो। धारा 19 के पेज पर ही लिखा है कि निर्वाचक मंडल के कुल 20 सदस्य राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर निर्वाचन के लिए योग्य व्यक्ति के नाम का प्रस्ताव करेंगे। यह संयुक्त प्रस्ताव भी कम से कम 5 ऐसे राज्यों से आना जरूरी है, जहां राष्ट्रीय परिषद के चुनाव संपन्न हो चुके हैं। इसके अलावा ऐसे चुनावों के लिए नामांकन पत्र पर उम्मीदवार की मंजूरी भी जरूरी है।

# 3 जनवरी से कांग्रेस का 'जय बापू, जय भीम, जय संविधान' अभियान : जयराम रमेश

एजेंसी । नई दिल्ली

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने रविवार को घोषणा की कि पार्टी डॉ बाबासाहेब आंबेडकर के खिलाफ कथित टिप्पणी को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के इस्तीफे की मांग के लिए 'जय बापू, जय भीम, जय संविधान' अभियान शुरू करेगी। यह अभियान पहले 26 दिसंबर को बेलगावी में कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक के बाद शुरू होने वाला था, लेकिन गुरुवार को पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन पर सात दिवसीय शोक अवधि के सम्मान में इसे स्थगित कर दिया गया है।

एक साक्षात्कार में जयराम रमेश ने कहा, शोक अवधि के बाद 3 जनवरी को अभियान फिर से शुरू होगा।उन्होंने कहा कि अभियान के तहत रैलियां और विरोध प्रदर्शन होंगे। डॉ। आंबेडकर की जन्मस्थली पर 26 जनवरी को बड़ी रैली का आयोजन किया गया है।इसके अलावा, कांग्रेस अपनी मांग के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए 25 जनवरी 2025 से 25 जनवरी 2026 तक एक साल की संविधान बचाओ राष्ट्रीय पदयात्रा शुरू करेगी।



## शाह के इस्तीफे की मांग पर तेज किया मुहिम

बता दें कि आंबेडकर को लेकर अमित शाह द्वारा राज्यसभा में की गई कथित टिप्पणी पर कांग्रेस लगातार हमला बोल रही है। जिसके बारे में भाजपा का दावा है कि उसमें छेड़छाड़ की गई है। भाजपा ने आरोपों को खारिज कर दिया है और इसके बजाय कांग्रेस पर राजनीतिक लाभ के लिए जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया है। जयराम रमेश ने डॉ। मनमोहन सिंह के मुद्दे पर कहा कि आज सत्ता में बैठे लोग, जो अब डॉ। मनमोहन सिंह की प्रशंसा कर रहे हैं, उन्हें उनकी विनम्रता, शांति और क्षमता पर विचार करना चाहिए। उन्होंने सिंह के नेतृत्व पर भी प्रकाश डाला, जिसमें नोटबंदी पर उनका चार मिनट का भाषण भी शामिल है, जिसने सरकार को हिलाकर रख दिया था।

## डॉ मनमोहन सिंह को लेकर कही ये बात

उन्होंने कहा, विपक्ष में रहते हुए उन्होंने शायद ही कभी बात की, लेकिन जब उन्होंने बात की, तो सभी ने उनकी बात सुनी। लाल बहादुर शास्त्री की तरह, वे बिना किसी दुश्मन के व्यक्ति थे। रमेश ने अपने कार्यकाल के दौरान मनमोहन सिंह के योगदान को कमतर आंकने के लिए भाजपा की भी आलोचना की। उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री और प्रधान मंत्री के रूप में उनके काम ने भारत की अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा को मजबूत किया। उन्होंने हम सभी को बेहतर भविष्य की उम्मीद दी।

# बांग्लादेश में अब छात्र संगठन ने की संविधान बदलने की मांग

▸▸ यूनुस सरकार और BNP ने किया विरोध

एजेंसी । नई दिल्ली

बांग्लादेश की राजनीति में संभावित रूप से एक नया मोड़ आने वाला है। यहां 'द एंटी-डिस्क्रिमिनेशन स्टूडेंट्स मूवमेंट' ने रविवार को कहा कि 1972 के संविधान को खत्म कर दिया जाना चाहिए, जिसे उन्होंने 'मुजीबिस्ट' विधान करार दिया। उनका दावा है कि इसने 'भारत की आक्रामकता' के लिए रास्ते खोले। इस मुद्दे पर बांग्लादेश की अंतरिम सरकार और प्रमुख विपक्षी दल भी विरोध में हैं।

एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में संगठन के संयोजक हसनत अब्दुल्लाह ने कहा कि नया घोषणापत्र 31 दिसंबर को केंद्रीय शहीद मीनार परिसर में जारी किया जाएगा।



## अंतरिम सरकार पर क्या बोले शेख हसीना के बेटे?

प्रस्तावित घोषणापत्र के आलोचक इसे संविधान के ऐतिहासिक महत्व का अपमान मान रहे हैं। खासकर जब 1972 का संविधान बांग्लादेश की स्वतंत्रता के एक साल बाद प्रतिनिधियों द्वारा तैयार किया गया था।

## बीएनपी ने प्रस्ताव का किया विरोध

पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की पार्टी, बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी), ने प्रस्ताव पर नाराजगी जाहिर की है। बीएनपी के वरिष्ठ नेता मिर्जा अब्बास ने कहा कि संविधान को 'दफनाने' की बातें कहना 'फासीवादी' है। उन्होंने कहा कि अगर संविधान में कुछ खराबी है, तो उसे संशोधित किया जा सकता है। इस बीच, अंतरिम सरकार के प्रवक्ता ने कहा कि इस घोषणापत्र का सरकार से कोई संबंध नहीं है, और इसे सरकार एक निजी पहल के रूप में देखती है। प्रधानमंत्री शेख हसीना के नेतृत्व वाली अवामी लीग के नेता अभी सामने नहीं आए हैं, और इस पर किसी तरह की प्रतिक्रिया नहीं दी है। स्थानीय नेताओं ने यह भी स्वीकार किया कि यह मुद्दा देश में राजनीतिक ध्रुवीकरण को और बढ़ा सकता है। उनके मुताबिक, अगर इस आंदोलन को समर्थन मिलता है, तो यह बांग्लादेश की राजनीतिक स्थिति को नाटकीय रूप से बदल सकता है।

# नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर पहली फ्लाइट का लैंडिंग टेस्ट सफल

**डीबीडी संवाददाता | नवी मुंबई**

नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर रविवार को कमर्शियल विमान की पहली लैंडिग सफल रही। कमर्शियल विमान को लैंड करते ही वाटर कैनाल से सलामी दी गई। इसे क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को बढ़ाने के उद्देश्य से महत्वाकांक्षी विमानन परियोजना के विकास में एक बड़े कदम के तौर पर देखा जा रहा है। एक माह पहले सेना के विमान का सफल लैंडिंग परीक्षण किया गया था। मार्च तक एयरपोर्ट का काम पूरा होने



पर यहां से नियमित उड़ान सेवा शुरू कर दी जाएगी। अदाणी एयरपोर्ट होल्डिंग्स लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अरुण बंसल ने मीडिया को बताया कि नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के लिए यह एक महत्वपूर्ण दिन है। उन्होंने कहा कि इस सफल लैंडिंग के बाद अब हम यह कह सकते हैं कि हम सुरक्षा के तमाम पहलुओं को ध्यान में रखते हुए इस एयरपोर्ट से परिचालन के एक कदम करीब हैं। उन्होंने इस ऐतिहासिक पल के लिए डीजीसीए और सभी एजेंसियों के प्रति आभार जताया। अरुण बंसल ने कहा कि नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट विश्वस्तरीय विमानन सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ-साथ क्षेत्र के समग्र विकास की दिशा में भी काम करता है। अधिकारियों ने बताया कि एयरपोर्ट की टर्मिनल बिल्डिंग का काम अंतिम चरण में है। नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट का काम 31 मार्च, 2025 तक पूरा हो जाएगा। यह हवाईअड्डा चालू होने पर यहां से एक साल में 9 करोड़ से ज्यादा यात्री सफर करेंगे। यह हवाई अड्डा लगभग 5945 एकड़ क्षेत्र में बनाया गया है। इस हवाई अड्डे का रनवे 3.7 किमी है, और एक ही समय में 350 विमान पार्क किए जा सकते हैं। नवी मुंबई एयरपोर्ट का संचालन शुरू होने पर मुंबई एयरपोर्ट पर दबाव कम हो जाएगा। इसके साथ नवी मुंबई का विस्तार और तेजी से होगा।

# देर रात घर में सो रहे पति पत्नी को जिंदा जलाने की कोशिश, मामला दर्ज

**डीबीडी संवाददाता | भिवंडी**



भिवंडी के कुरैश नगर में शुक्रवार रात एक घर में आग की घटना तब हुई जब घर में पति पत्नी गहरी नींद में सो रहे थे। घटना में घायल महिला का आरोप है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने यह आग उन्हें जान से मारने के उद्देश से लगाई है। जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने घायल पति पत्नी को भिवंडी के इंदिरा गांधी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया। और एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार निजामपुरा पुलिस स्टेशन के अंतर्गत कुरैश नगर में आसिफ और उनकी पत्नी फरहीन रात अपने घर में सो रहे थे। तभी किसी ने बाहर से दरवाजे की कड़ी बंद कर दी और पेट्रोल छिड़क कर घर में आग लगा दी। घर में अचानक आग लगने के कारण नींद से जगे पति पत्नी चीखने चिल्लाने लगे। जिनकी आवाज सुनकर पड़ोसियों ने घर के दरवाजे पर लगी कड़ी खोल दी। परंतु घर में केवल धुंआ ही धुंआ नजर आ रहा था। पड़ोसियों ने जैसे-तैसे आग को बुझाया और घायल पति पत्नी को घर से बाहर निकाल लिया। उक्त घटना में घर की सभी जरूरत का सामान जल गया। आग की लपटों से जहां पति को मामूली चोटें आई है वहीं उनकी पत्नी फरहीन का दोनों हाथ जल गया है। जो इस समय अस्पताल में भर्ती है। निजामपुरा पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# नालासोपारा में भव्य शोभा यात्रा एवं श्री रामकथा का आयोजन

**डीबीडी संवाददाता | नालासोपारा**

क्षेत्र के राधानगर तुलिंज परिसर में सामाजिक संस्था श्री राघव सरकार सेवा समिति द्वारा सनातन धर्म रक्षा और समस्त विश्व के कल्याण हेतु भव्य श्री रामकथा का आयोजन मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर 14 जनवरी 2025 को किया गया है। इस श्री रामकथा के विशाल आयोजन का आगाज दोपहर 12 बजे से क्षेत्र के सभी श्रेष्ठ गण एवं माताओं और बहनों द्वारा भारी संख्या में सम्मिलित होकर भव्य शोभा यात्रा द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर विश्व प्रसिद्ध कथा वाचक परम श्रद्धेय श्री राम मोहनजी महाराज की रसमयी वाणी से आप सभी लोगो को श्री राम कथा का रसपान कराया जाएगा। यह आयोजन समाज में चल रही विकृतियों को दूर करने और समाज के सभी लोगों को एकजुट करने का माध्यम बनेगा। संस्था के संस्थापक और अध्यक्ष सूरज शुक्ला अपने



सभी पदाधिकारियों मुकेश मिश्रा, उमेश दुबे, ओमप्रकाश तिवारी, अजय तिवारी, लोलारख सिंह, प्रेमशंकर मिश्रा, विनोद तिवारी, विपिन तिवारी, विजय तिवारी, रामबहादुर शुक्ला, अशोक तिवारी, विजय मिश्रा, रंजीत यादव, आकाश मिश्रा के साथ क्षेत्रवासियों से अनुरोध किए है कि सनातन धर्म के रक्षा एवं जगत कल्याण के इस पवन पर्व पर आप सभी भारी मात्रा में इस भव्य शोभा यात्रा एवं श्री रामकथा में सहभाग होकर इस आयोजन को सफल बनाए।

# निजी बस और ट्रक की टक्कर में दो लोगों की मौत व 32 घायल

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**



सोलापुर जिले के पंढरपुर में भटंबुरे गांव के पास रविवार को सुबह एक बस और ट्रक के बीच हुई टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि 32 लोग घायल हुए हैं। घायलों को पंढरपुर के शासकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस घटना की छानबीन पंढरपुर पुलिस कर रही है। पुलिस के अनुसार पुणे जिले के मावल तहसील के करीब 34 लोग पंढरपुर और भगवान विठ्ठल का दर्शन करने के लिए नंदिनी ट्रैवेल्स की निजी बस से जा रहे थे। आज सुबह यह बस भटंबुरे गांव के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक से टकरा गई। इस घटना में दो लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान बेबाबई मसालकर और जनाबाई मसालकर के रूप में हुई है। इस दुर्घटना में अन्य 32 लोग घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल पंढरपुर के शासकीय अस्पताल में भर्ती करवाया।

# एटीएम को तोड़ने का प्रयास असफल

**डीबीडी संवाददाता | नासिक**

नासिक के लासलगांव बस स्टेशन के पास स्थित महाराष्ट्र बैंक और भगरी बाबा मंदिर के पास के एटीएम को तोड़ने का प्रयास लासलगांव पुलिस की सतर्कता से विफल हो गया। लगभग आधे घंटे की पीछा करने के बाद, आरोपी गाड़ी की 140 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से भागने में सफल रहे, लेकिन पुलिस ने 4 एटीएम में रखे लाखों रुपए बचाने में सफलता प्राप्त की। शनिवार और रविवार की दरमियानी रात लगभग ढाई बजे बजे कुछ अज्ञात लोगों ने नासिक के लासलगांव बस स्टेशन के पास स्थित महाराष्ट्र बैंक के एटीएम में प्रवेश किया। उन्होंने सीसीटीवी कैमरे पर स्प्रे पेंट लगाया। जिससे सुरक्षा अलार्म को सक्रिय हो गया। इस घटना की जानकारी बैंक द्वारा लासलगांव पुलिस को दी गई। रात में उपस्थित कर्मचारी विंचुर में गश्त लगा रहे थे, इसलिए अधिकारी किशोर लासुरकर और पुलिस सब-इंस्पेक्टर अमोल तलेकर ने घटना की गंभीरता को समझते हुए जान जोखिम में डालकर महज 5 मिनट में मोटरसाइकिल से एटीएम तक पहुंचे।



## पुलिस को देखकर भागे चोर

आरोपी पुलिस को देखकर एमएच 01 बीडी 8784 नंबर की स्कोडा कार में विंचुर की ओर भाग गए। पुलिस हवलदार लासुरकर ने तुरंत एसपी भास्कर शिंदे और विंचुर के कर्मचारियों को इस बारे में सूचित किया, जिसके बाद शिंदे और पुलिस निरीक्षक आप्पासाहेब हांडाल तुरंत पुलिस गाड़ी के साथ मौके पर पहुंचे। इसके बाद, पुलिस अधिकारी हांडाल, कांडलकर, लासुरकर, तलेकर और ड्राइवर मांजरे ने विंचुर की दिशा में आरोपियों का पीछा शुरू किया। तभी आरोपी भगरी बाबा मंदिर के सामने येस और एचडीएफसी बैंक के एटीएम को तोड़ने की कोशिश करते हुए दिखाई दिए। पुलिस गाड़ी से उतरते ही आरोपियों ने गाड़ी में बैठकर भागने की कोशिश की, लेकिन लासुरकर ने गाड़ी पर जोरदार लाठी मारी। पुलिस ने आरोपियों का पीछा किया, लेकिन विंचुर गांव में जब पुलिस ने गाड़ी को रोकने की कोशिश की, तो आरोपियों ने गाड़ी को डिवाईडर पर चढा दिया और येवला की दिशा में भाग गए।

## नाकाबंदी कर पकड़ने का प्रयास

पुलिस ने नासिक कंट्रोल रूम, येवला तहसील, येवला शहर पुलिस स्टेशन और जिले में नाकाबंदी करने के लिए सूचित किया। पुलिस येवला की दिशा में गाड़ी का पीछा कर रही थी, तभी गाड़ी ने अचानक यू-टर्न ले लिया और निफाड़ की दिशा में 130 से 140 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से भागने में सफल रही। इस बीच, पुलिस उप-निरीक्षक भास्कर शिंदे ने तत्काल निफाड के उप-विभागीय अधिकारी और स्थानीय अपराध शाखा के पुलिस निरीक्षक को फोन के माध्यम से सूचित किया और होटल, ढाबे, पेट्रोल पंप की जांच करने के बारे में निर्देश दिए और फिंगरप्रिंट यूनिट भेजने के लिए नियंत्रण कक्ष को सूचित किया। आरोपियों की विदेशी गाड़ी की उच्च गति और पुलिस गाड़ी की कम गति के कारण पुलिस आरोपियों को पकड़ने में असफल रही, लेकिन ढाणे अधिकारी किशोर लासुरकर और तलेकर ने जान जोखिम में डालकर दिखाए गए साहस और पुलिस उप-निरीक्षक हंडाल और कर्मचारियों द्वारा किए गए पीछा के कारण आरोपियों को कुछ हद तक रोका जा सका और चार एटीएम में रखे लाखों रुपए बचाने में पुलिस को सफलता मिली।

# 2000 रुपए के नोट बदलने वाले गिरोह का भंडाफोड़ मूंगफली बेचने वाला निकला मास्टर माइंड

**डीबीडी संवाददाता | नागपुर**

नागपुर में 2000 रुपए के नोट बदलने वाले गिरोह का भंडाफोड़ हो गया है। पुलिस ने इस मामले में मास्टर माइंड समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है।आरोपी 2 हजार रुपए के नोट बदलने के लिए गरीब पुरुषों और महिलाओं को कमीशन पर रखता था। कमीशन पर 2 हजार रुपए के नोट बदलने में शामिल एक गिरोह की जांच कर रही नागपुर पुलिस ने मूंगफली विक्रेता समेत 4 लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों में से एक नंदलाल मौर्य संविधान चौक क्षेत्र में एक ठेले पर मूंगफली और अन्य चीजें बेचता है। आरोपी नंदलाल मौर्य 2 हजार रुपए के नोट बदलने के लिए गरीब पुरुषों और महिलाओं को कमीशन पर रखता था। संविधान चौक क्षेत्र में रिजर्व बैंक कार्यालय और महाराष्ट्र विधान भवन स्थित हैं। रविवार को एक अधिकारी ने बताया कि ये लोग इन नोट को 500 रुपए के नोट से बदलने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक को अपना आधार कार्ड विवरण देते थे। गिरफ्तार किए गए तीन अन्य आरोपियों की पहचान रोहित बावने (34), किशोर बहोरिया (30) और अनिल जैन (56) के रूप में हुई है जो मध्य प्रदेश के जबलपुर के रहने वाले हैं। माना जा रहा है कि जैन इस अपराध का सरगना है।

## मई 2023 को आरबीआई ने 2 हजार रुपए के नोट वापस लेने की घोषणा



आरबीआई ने 19 मई 2023 को 2 हजार रुपए मूल्य वर्ग के बैंक नोट को चलन से वापस लेने की घोषणा की थी। पुलिस को जानकारी मिली थी कि आरोपी अनिल जैन ने विभिन्न स्थानों पर स्थित ग्राहकों से 2,000 रुपए के नोट एकत्र करने के बाद मौर्य को रैकेट चलाने में शामिल किया।

## अनिल जैन के पास बड़ी मात्रा में थे नोट

अधिकारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच के अनुसार, आरोपी अनिल जैन के निर्देश पर काम कर रहे थे, जिसके पास कथित तौर पर बड़ी मात्रा में चलन से बाहर हो चुके नोट थे। जैन ने मौर्य को 2,000 रुपए के 10 नोट को 500-500 रुपए के नोटों में बदलने के लिए 200 रुपए देने का वादा किया था। अनिल मौर्य ने संविधान चौक स्थित आरबीआई कार्यालय में जाकर 2 हजार रुपए के 10 नोट सफलतापूर्वक बदले। प्रक्रिया सीखने के बाद, उसने गरीब पुरुषों और महिलाओं को काम पर रखना शुरू कर दिया और उन्हें आरबीआई में बैंक नोट बदलने के लिए प्रतिदिन 300 रुपए का कमीशन देने की पेशकश की।

## पुलिस ने आरोपियों के घर मारा छापा

पुलिस ने शनिवार को मौर्य के घर पर छापा मारा और 500 रुपए के 120 नोटों सहित 60 हजार रुपए नकद बरामद किए। पुलिस को रोहित बावने के पास से 2,000 रुपए का एक नोट और 500 रुपए के 120 नोट सहित 62,500 रुपए और किशोर बहोरिया के पास से 500 रुपए के 160 नोट सहित 80,000 रुपए बरामद हुए।

# संत श्री देवरहा भरत महाराज का मुंबई आगमन, भक्तों का लगा तांता

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

अनंत श्री विभूषित योगी सम्राट श्री देवरहा बाबा के कृपा पात्र, संत श्री देवरहा भरत महाराज इन दिनों मुंबई के अंधेरी में हैं। 5 साल बाद वृंदावन से मुंबई पधारे हैं। उनके दर्शन के लिए भक्तों का तांता लगा रहता है। हर शनिवार को आश्रम में सुंदर कांड का पाठ किया जाता है। इसके साथ ही वृहद पैमाने पर गौ भंडारा एवं विशाल भंडारा किया जाता है। शनिवार को मुंबई में अंधेरी पूर्व स्थित शेरे पंजाब भरत हरवानी कम्पाउंड में सुंदर पाठ किया गया। भक्त यज्ञ करके दैहिक, दैविक भौतिक तापों का शमन कर रहे हैं। हवन यज्ञ में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। इस मौके पर आश्रम की ओर से हनुमान चालीसा और बजरंग बाण चालीसा का निःशुल्क वितरण किया गया। भरत महाराज जी ने प्रवचन करते हुए अपनी अमृतवाणी में बताया कि ग्रहस्थ आश्रम में रहने वाले लोगों का पूरा परिवार ही महाकुंभ



है। उसकी पवित्रता बनाए रखना सबसे बड़ा काम है। इससे त्रिवेणी असंगम में परिवार के साथ स्नान करने से पुण्य मिलता है। प्रवचन करते हुए उन्होंने आगे कहा कि हृदय से राम नाम का जप लेने से कलयुग में जीवों का उद्धार होता है। राम रूपी नैय्या से ही जीवों का कलयुग में कल्याण है। भरत महाराज ने आगे कहा कि दैहिक, दैविक भौतिक तापों के शमन के लिए कलियुग में राम नाम अमृत के समान है। बता दें कि आश्रम में हर शनिवार को सुंदर काण्ड एवं भंडारे का आयोजन किया जाता है। जिसमें सैकड़ों की संख्या में भक्त आते हैं।

# पालघर में केमिकल फैक्ट्री में भीषण आग, दमकल की गाड़ियां मौके पर

**डीबीडी संवाददाता | पालघर**



पालघर में एक केमिकल फैक्ट्री में आग लगने की जानकारी सामने आ रही है। यह बोईसर तारापुर एमआईडीसी में लगी है। बोइसर के सलवाड शिवाजी नगर इलाके में यूके एरोमैटिक और केमिकल्स फैक्ट्री में आग लगी है। आग लगने कारण अभी पता नहीं। फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंच गई है। इस घटना में किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं मिल पाई है ना ही इस घटना को लेकर कोई आधिकारिक बयान अभी आया है।

## बीते कुछ महीने में फैक्ट्री में आग लगने की घटना

पालघर में फैक्ट्री में आग लगने की यह कोई पहली घटना नहीं है। इससे पहले पिछले महीने तारापुर MIDC फैक्ट्री में आग लग गई थी। जबकि 20 सितंबर को भी एक केमिकल फैक्टी में आग लगई गई थी जिसमें छह कर्मचारी घायल हो गए थे। जून में एक केमिकल फैक्ट्री में आग लगी थी। हालांकि इस घटना में किसी तरह का आर्थिक नुकसान नहीं हुआ था।

# पार्टी के खिलाफ कार्य करने वालों के खिलाफ भाजपा ने की कार्रवाई

**डीबीडी संवाददाता | अकोला**

अकोला जिले के पांच विधानसभा चुनाव क्षेत्रों में से अकोला पूर्व विधानसभा सीट, अकोट विधानसभा सीट और मुर्तिजापुर विधानसभा सीट में भाजपा के प्रत्याशियों ने जीत हासिल की है। वहीं अकोला पश्चिम विधानसभा सीट पर भाजपा को पराजय का सामना करना पड़ा है और बालापुर विधानसभा सीट पर भी महायुति के प्रत्याशी की हार हुई है। यह सब देखते हुए भाजपा संगठन ने विस चुनाव में पार्टी के खिलाफ कार्य करने वालों के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई शुरू की है। अब तक भाजपा संगठन द्वारा 18 नेताओं और कार्यकर्ताओं पर निलंबन की कार्रवाई की गई है। अकोला जिले के अकोट विधानसभा चुनाव क्षेत्र में करीब 11 लोगों पर निलंबन की कार्रवाई की गई हैं। विधानसभा चुनाव के बाद प्रदेश भाजपा के महासचिव, विधायक रणधीर सावरकर ने कहा था कि पार्टी के खिलाफ काम करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। उस अनुसार भाजपा के जिलाध्यक्ष किशोर मांगटे पाटिल ने 11 पदाधिकारियों को 6 वर्ष के लिए पार्टी से निलंबित किए जाने के पत्र भेजे हैं। अकोट विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत जिपं सदस्य प्रकाश आतकड, पंस सदस्य राजेश येऊल, पूर्व पार्षद मंगेश चिखले, किसान आघाड़ी के राजेंद्र पुंडकर, ओबीसी आघाड़ी के प्रदेश उपाध्यक्ष विशाल गणगणे, पूर्व तहसील अध्यक्ष अरविंद लांडे, पूर्व तहसील महासचिव राजेश पाचडे, ओबीसी आघाड़ी के विष्णु बोडखे इसी तरह पूर्व तहसील महासचिव सुनील गिरी, नीलेश तिवारी, चंचल पितांबरवाले को निलंबित किया है। जानकारी के अनुसार अकोट विधानसभा चुनाव क्षेत्र में भाजपा की ओर से तीसरी बार विधायक प्रकाश भारसाकले को उम्मीदवारी दी गई थी। चुनाव के समय इनके खिलाफ जिन पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने काम किया था। उन पर यह कार्रवाई की गई है। इस बार भाजपा संगठन द्वारा बहुत ही गंभीरता से देखा जा रहा है कि किसने किसने पार्टी के खिलाफ काम किया है। उन सभी के खिलाफ अनुशासन भंग की कार्रवाई की जा रही है। स्थानीय मंडल अध्यक्षों द्वारा प्राप्त रिपोर्ट के बाद यह कार्रवाई की गई।




## इसके पूर्व भी की जा चुकी है कार्रवाई

इसके पूर्व अकोला पश्चिम विधानसभा सीट में पार्टी के खिलाफ कार्य करने वाले 7 पदाधिकारी और नेताओं के खिलाफ कार्रवाई की जा चुकी है। इस कार्रवाई में प्रतुल हातवलणे, उमेश गूजर, सौरभ शर्मा, आशीष पवित्रकार, हरिभाऊ काले और राजू टाकलकर का समावेश था। इस तरह अब तक भाजपा संगठन द्वारा 18 लोगों पर अनुशासन भंग की कार्रवाई की जा चुकी है।

## सक्षम लोगों को जिम्मेदारी दी जानी चाहिए

इस बारे में कांग्रेसी नेता हेमंत देशमुख ने बातचीत के दौरान कहा कि जिला कांग्रेस ग्रामीण में नए और सक्षम लोगों को जिम्मेदारी सौंपी जानी चाहिए। नेतृत्व परिवर्तन बहुत जरूरी है। इसी तरह अकोला पश्चिम विस क्षेत्र में अनेक वर्षों के बाद कांग्रेस की जीत हुई है। इसलिए कांग्रेस के महानगराध्यक्ष प्रशांत पाटिल वानखडे का सम्मान किया जाना चाहिए।

## जिला ग्रामीण कांग्रेस में नए लोगों को मौका देने की मांग

विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने अकोला पश्चिम विधानसभा क्षेत्र तथा अकोट विधानसभा क्षेत्र में उम्मीदवार खड़े किए गए थे। जिसमें अकोला पश्चिम से कांग्रेस प्रत्याशी साजिद खान पठान विजयी हुए हैं। वहीं अकोट से कांग्रेस प्रत्याशी महेश गणगणे को हार का सामना करना पड़ा। इसी तरह यहां लोकसभा चुनाव में भी कांग्रेस की हार हुई थी। इस बारे में कांग्रेस के जिला ग्रामीण के अध्यक्ष अशोक अमानकर से बातचीत करने पर उन्होंने बताया कि उन्होंने अपना त्यागपत्र पार्टी हाईकमान को भेज दिया है। यदि वे चाहेंगे तो ही वे पद पर रहेंगे। अन्यथा त्यागपत्र तो दे ही चुके हैं।

# एक्ट्रेस प्राजक्ता माली ने महिला आयोग से की विधायक सुरेश धस की शिकायत

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

सरपंच संतोष देशमुख हत्या मामले में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी मंत्री धनंजय मुंडे को निशाना बनाने के प्रयास में अभिनेत्री प्राजक्ता माली का नाम घसीटने के लिए शनिवार को उन्होंने भारतीय जनता पार्टी विधायक सुरेश धस की आलोचना की थी साथ ही कानूनी कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी थी। रविवार को प्राजक्ता माली ने विधायक की शिकायत कर दी है। अभिनेत्री प्राजक्ता माली ने राज्य महिला आयोग में विधायक सुरेश धस की शिकायत दर्ज कर दी है। इसकी जानकारी खुद महिला आयोग की अध्यक्ष रुपाली चाकणकर ने दी है।



## महिला आयोग की अध्यक्ष ने दी जानकारी

महाराष्ट्र राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रुपाली चाकणकर ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि 'एक्ट्रेस प्राजक्ता माली की शिकायत आयोग कार्यालय को मिल गई है। आयोग उसका अध्ययन कर कानूनी पहलुओं की जांच कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करेगा।' उन्होंने आगे लिखा कि 'सोशल मीडिया के सामने महिलाओं के बारे में बात करते समय सभी को जागरूक रहना चाहिए, क्योंकि संविधान द्वारा दिए गए अधिकार के कारण महिलाएं सभी क्षेत्रों में अपने कर्तव्य पर काम कर रही हैं और काम करते समय वे बिना किसी सबूत के सोशल मीडिया के माध्यम से केवल महिलाएं ही बात करती हैं। मीडिया में उनके बारे में अपमानजनक बयान दिए गए हैं और उसके आधार पर सोशल मीडिया में सभी तत्वों द्वारा सत्यापन किए बिना बेहद गंदे तरीके से ट्रोल करने को लेकर आयोग सरकार से सख्त कार्रवाई करने की पहल करेगा।' बीड जिले के मासजोग के सरपंच संतोष देशमुख का 9 दिसंबर को बीड में एक ऊर्जा फर्म पर जबरन वसूली की कोशिश को विफल करने के प्रयास के दौरान अपहरण कर लिया गया था। देशमुख को प्रताड़ित किया गया और बाद में उनकी हत्या कर दी गई।

**क्या बोले थे सुरेश धस?**

बीजेपी नेता और विधायक सुरेश धस ने बीड में कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाया है। साथ ही इसके लिए पूर्व पालक मंत्री धनंजय मुंडे को जिम्मेदार ठहराया है। लेकिन सुरेश धस ने धनंजय मुंडे की आलोचना करते हुए फिल्म जगत की कुछ महिला कलाकारों का नाम लिया। इसमें एक्ट्रेस प्राजक्ता माली का भी नाम आया तो हड़कंप मच गया। उन्होंने इवेंट मैनेजमेंट बोलते हुए प्राजक्ता माली को लेकर बयान दिया था। एक्ट्रेस प्राजक्ता माली ने इसे लेकर अपना गुस्सा जाहिर किया है और प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अपनी स्थिति साफ की है।

### शरद पवार की पार्टी के विधायक का दावा

# ईवीएम में गड़बड़ी से अजित पवार जीते

**डीबीडी संवाददाता। मुंबई**

विधानसभा चुनाव 2024 में बीजेपी नीत महायुति को मिली ऐतिहासिक जीत विपक्षी गठबंधन महाविकास अघाड़ी को हजम नहीं हो रही है। एमवीए के नेता महायुति की अप्रत्याशित जीत को ईवीएम में गड़बड़ी करके हासिल की गई जीत करार दे रहे हैं तथा चुनाव आयोग की भूमिका पर लगातार सवाल खड़े कर रहे हैं। अब इसी संदर्भ में एमवीए में शामिल राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के विधायक उत्तम जानकर ने बड़ा और सनसनीखेज दावा किया है।

विधायक उत्तम जानकर ने विधानसभा चुनाव के दौरान 150 सीटों पर गड़बड़ी किए जाने का आरोप लगाया है। जानकर का दावा है कि यदि निष्पक्षता से चुनाव कराए गए होते तो महायुति लगभग 107 सीटें ही जीत पाती। इतना ही नहीं उप मुख्यमंत्री और एनसीपी नेता अजित पवार बारामती में लगभग 20 हजार वोटों से हार गए होते। ईवीएम पर दो दिन पहले चुनाव आयोग द्वारा सफाई दिए जाने के बाद भी विधानसभा चुनाव के परिणामों पर विपक्ष का संदेह जताना जारी है। एनसीपी (शरदचंद्र पवार) के विधायक जानकर ने एक बार फिर चुनाव नतीजों पर सवाल उठाया है।





### उत्तम जानकर ने ये दावे भी किए

महायुति को मिली 230 सीटों के बारे में जानकर का दावा है कि महायुति ने यह जीत छल से हासिल की है। उनका कहना है कि असल में अजित पवार के 13, एकनाथ शिंदे के 18 और बीजेपी के 77 उम्मीदवार ही चुनाव जीते हैं। उनका कहना है कि 30 हजार वोट चुराने के कारण जयकुमार गोरे चुनाव जीतने में सफल हुए हैं, अन्यथा गोरे 13 हजार वोटों से चुनाव हार जाते।

### 'अध्ययन' है दावे का आधार

शरद पवार की पार्टी के विधायक उत्तम जानकर ने कहा कि मैंने हर निर्वाचन क्षेत्र का अध्ययन किया है। उन्होंने ईवीएम में सेटिंग का आरोप लगाते हुए दावा किया है कि अजित पवार के निर्वाचन क्षेत्र बारामती में ईवीएम मशीन में एक तृतियांश वोट अजित को मिलने का प्रबंध किया गया था। अर्थात अजित को मिले 1 लाख 80 हजार वोटों में से 60 हजार वोट युगेंद्र पवार के थे। इसी तरह जयकुमार गोरे के मामले में भी गड़बड़ी किए जाने का आरोप जानकर ने लगाया है। उनका कहना है कि जल्द ही शरद पवार दिल्ली में राहुल गांधी से मिलेंगे और फिर विपक्षी नेता एक साथ मिल कर चुनाव आयोग के पास जाएंगे।

## सौर परियोजना कार्य में गुणवत्ता बनाए रखें : फड़णवीस





**डीबीडी संवाददाता। मुंबई**

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने रविवार को कहा कि महाराष्ट्र में सौर ऊर्जा परियोजनाओं के काम में तेजी लाते हुए गुणवत्ता बनाए रखना जरुरी है। उन्होंने कहा कि कृषि, बिजली उत्पादन, उद्योग और सेवा क्षेत्रों को आगे ले जाने के लिए सौर ऊर्जा पर जोर दिया जा रहा है।

मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस की अध्यक्षता में रविवार को मुंबई में स्थित सह्याद्री अतिथि गृह में महाराष्ट्र राज्य विद्युत बोर्ड के निदेशक मंडल की बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें महाराष्ट्र को ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाना है और इसके लिए बिजली से जुड़ी सभी कंपनियों को बेहतर स्थिति में लाना है। उन्होंने कहा कि लोगों की भागीदारी बढ़ाने के लिए हमें भविष्य में ऐसी कंपनियों की लिस्टिंग पर विचार करना होगा। मुख्यमंत्री ने ऊर्जा विभाग के अंतर्गत आने वाली कंपनियों की शिकायतों का निर्धारित अवधि के भीतर समाधान करने के लिए जिला और मंडल स्तर पर प्रशासन को और अधिक सक्षम बनाने के भी निर्देश दिया।

इस अवसर पर ऊर्जा राज्य मंत्री और बोर्ड की उपाध्यक्ष मेघना बोर्डिकर, मुख्यमंत्री के सचिव श्रीकर परदेसी, कंपनी की प्रबंध निदेशक आभा शुक्ला, निदेशक लोकेश चंद्रा, राधाकृष्णन बी, अनुदिप दिघे, स्वतंत्र निदेशक विश्वास पाठक, नीता केलकर और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

## चुनावों में खराब प्रदर्शन पर आत्मचिंतन करे कांग्रेस : अशोक चव्हाण

**डीबीडी संवाददाता। मुंबई**



महाराष्ट्र में अगले सीएम के निर्णय को लेकर जारी तनातनी और चुनाव में हार का मुंह देखने वाले महाविकास आघाड़ी के दलों में शामिल कांग्रेस व अन्य द्वारा EVM पर सवाल उठाए जाने के बीच बीजेपी के राज्यसभा सदस्य अशोक चव्हाण ने कांग्रेस पर निशाना साधा है। उन्होंने कांग्रेस को सलाह देते हुए कहा कि पार्टी को हाल के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में अपने खराब प्रदर्शन के बारे में आत्मचिंतन करना चाहिए।

बता दें कि राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रह चुके चव्हाण इस साल की शुरूआत में कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए थे। हाल में हुए विधानसभा चुनाव में अशोक चव्हाण की बेटी श्रीजया चव्हाण ने नांदेड़ जिले की भोकर सीट से जीत हासिल की थी। उन्होंने कहा, 'जब मैं राज्य का मुख्यमंत्री था, तो पार्टी ने 2009 के चुनाव में 82 सीट जीती थीं। मेरे बाद, पृथ्वीराज चव्हाण (2010 से 2014 तक मुख्यमंत्री) इसे घटाकर 44 पर ले आए और नाना पटोले (फरवरी 2021 से प्रदेश इकाई प्रमुख) अब इसे घटाकर 16 (2024 के विधानसभा चुनावों में) कर चुके हैं। आंकड़े हमारे सामने हैं।'

### कांग्रेस को आत्मचिंतन की दी सलाह

उन्होंने कहा, 'राजनीति में जीत हासिल करना एक प्रक्रिया है, इसलिए कांग्रेस को आत्मचिंतन करना चाहिए।' अशोक चव्हाण ने कहा कि वह अपनी पूर्व पार्टी को सलाह नहीं दे रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री पद से हटाए जाने का परोक्ष रूप से संदर्भ देते हुए कहा, 'मैं 14 साल तक वनवास में रहा लेकिनमेरी भी भावनाएं हैं।' गौरतलब है कि पृथ्वीराज चव्हाण को मुख्यमंत्री बनाए जाने से पहले अशोक चव्हाण दिसंबर 2008 से नवंबर 2010 के बीच मुख्यमंत्री थे। अशोक चव्हाण 2015 से 2019 के बीच महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भी रहे। वह इस साल फरवरी में वे भाजपा में शामिल हो गए थे।

### कांग्रेस ने जीती मात्र 16 सीटें

बता दें कि महाराष्ट्र में 20 नवंबर को विधानसभा चुनावों के लिए मतदान हुए थे। 23 नवंबर को आए चुनाव नतीजों में भाजपा ने सबसे ज्यादा 132 सीट, शिवसेना ने 57 और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) ने 41 सीट जीतीं। वहीं महाविकास आघाड़ी में शामिल शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) ने 20 सीट, कांग्रेस ने 16 और शरद पवार की राकांपा (शरदचंद्र पवार) ने 10 सीट पर जीत दर्ज की।

## दिल्ली पुलिस ने पैरोल पर छूटे फरार अपराधी को घाटकोपर से गिरफ्तार किया



**मुंबई।** दिल्ली पुलिस की टीम ने स्थानीय पुलिस के सहयोग से पैरोल खत्म होने के बाद तीन साल से फरार ऐसे अपराधी को पकड़ा है, जो नाम बदलकर अपने बेटे के साथ मुंबई में रह रहा था। वह मुंबई के घाटकोपर इलाके में एक फूड ऐप के लिए डिलीवरी एग्जीक्यूटिव के रूप में काम कर रहा था। घाटकोपर पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने रविवार को बताया कि अजय कुमार त्रिपाठी को 2000 में दिल्ली में एक बच्चे के अपहरण और हत्या का दोषी ठहराया गया था। वह आजीवन कारावास की सजा काट रहा था। उसे कोरोनाकाल में 23 जुलाई, 2021 को पैरोल दी गई थी, लेकिन उसी साल 19 सितंबर को पैरोल खत्म होने के बाद से त्रिपाठी वापस जेल में नहीं लौटा।

बाद में पुलिस को पता चला कि वह नाम बदलकर अक्षय कुमार के नाम से अपने तीन साल के बेटे के साथ मुंबई में रह रहा है। तब से दिल्ली पुलिस त्रिपाठी की तलाश कर रही थी। दिल्ली पुलिस को गोपनीय जानकारी मिली की वह घाटकोपर में छिप कर काम कर रहा है। इसी जानकारी के आधार पर दिल्ली पुलिस ने घाटकोपर पुलिस स्टेशन के सहयोग से फरार अपराधी को गिरफ्तार किया है।

## मुंबई के मध तट पर मालवाहक जहाज से टकराकर डूबी नाव

**मुंबई।** मुंबई 18 दिसंबर को हुए नाव हादसे सवार में 13 लोगों की मौत हो गई थी। इसके बाद आज यानी रविवार को फिर एक हादसा हुआ है। मुंबई के मलाड इलाके में मध कोलीवाड़ा तट पर रविवार तड़के मछली पकड़ने वाली एक नाव मालवाहक जहाज से टकराकर डूब गई। हालांकि घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं मिली है।



अधिकारी ने बताया कि नाव को क्षेत्र में मौजूद 8 अन्य जहाजों के एक समूह ने निकालकर किनारे पर लगा दिया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि नौसेना और तट रक्षक कर्मियों ने भी बचाव अभियान में मदद की।अधिकारी ने कहा कि "नाव मध कोलीवाड़ा के निवासी हेमदीप हरिश्चंद्र टिपरी की थी। यह एक मालवाहक जहाज से टकराकर डूब गई थी। हालांकि, इसे सावती नामक एक स्थानीय बचाव समूह ने बरामद कर लिया। इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। नाव पर सवार एक नाविक को सावती नावों पर मौजूद लोगों ने बचा लिया।" बता दें कि महाराष्ट्र में मुंबई तट के नजदीक 18 दिसंबर को एक नौका के पलट जाने से उसमें सवार 13 लोगों की मौत हो गई जबकि 101 अन्य लोगों को बचा लिया गया था। हादसे के समय नीलकमल नामक इस नौका पर 100 से अधिक यात्री और चालक दल के 5 सदस्य सवार थे।

### गेटवे ऑफ इंडिया के पास हुआ था नाव हादसा

बता दें कि 18 दिसंबर को मुंबई के गेटवे ऑफ इंडिया से करीब 10 किलोमीटर दूर समुद्र के भीतर स्थित बुचर द्वीप के निकट नीलकमल नामक एक यात्री बोट से, बेहद तीव्र गति से समुद्र में मंडरा रही नौसेना की स्पीड बोट टकरा गई। इस टकराव से भयानक हादसा हो गया। इस दुर्घटना में नौसेना के 3 जवानों सहित 13 लोगों की मौत हो गई थी। 101 लोगों को हादसे के बाद बचा लिया गया है, लेकिन उनमें से कई की हालत अब भी गंभीर है। इस घटना का निश्चित कारण तो व्यापक जांच के बाद ही सामने आयेगा, लेकिन दुर्घटना से जीवित बचे यात्रियों और उनके द्वारा बनाये गए।

## महाकुंभ के अवसर पर पश्चिम रेलवे चलाएगी 6 वन-वे स्पेशल ट्रेनें

**डीबीडी संवाददाता। मुंबई**

पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा तथा महाकुंभ मेला-2025 के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को समायोजित करने के लिए उधना - प्रयागराज , वलसाड - प्रयागराज, भावनगर टर्मिनस- प्रयागराज और साबरमती- प्रयागराज स्टेशनों के बीच विशेष किराए पर छह वन-वे स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया गया है। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इन स्पेशल ट्रेनों का विवरण इस प्रकार है:

**09005 उधना - प्रयागराज वन वे स्पेशल**

ट्रेन संख्या 09005 उधना - प्रयागराज स्पेशल उधना से मंगलवार, 31 दिसंबर, 2024 को 06.40 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 10.10 बजे प्रयागराज पहुँचेगी । यह ट्रेन यात्रा के दौरान भरूच, वडोदरा, गोधरा, दाहोद, रतलाम, नागदा, उज्जैन, शुजालपुर, संत हिरदाराम नगर, विदिशा, बीना, ललितपुर, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, उरई, गोविंदपुरी और फ़तेहपुर स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में स्लीपर क्लास और जनरल सेकेंड क्लास कोच होंगे।



**09009 वलसाड – प्रयागराज वन वे स्पेशल**

ट्रेन संख्या 09009 वलसाड - प्रयागराज स्पेशल वलसाड से बुधवार, 1 जनवरी, 2025 को 08.40 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 10.25 बजे प्रयागराज पहुँचेगी । यह ट्रेन यात्रा के दौरान नवसारी, भेस्तान, नंदुरबार, भुसावल, खंडवा, इटारसी, जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना और मानिकपुर स्टेशनों पर रुकेगी । इस ट्रेन में स्लीपर क्लास और जनरल सेकेंड क्लास कोच होंगे।

**09227 भावनगर टर्मिनस – प्रयागराज वन वे स्पेशल**

ट्रेन संख्या 09227 भावनगर टर्मिनस- प्रयागराज स्पेशल बुधवार, 1 जनवरी, 2025 को भावनगर टर्मिनस से 14.50 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 23.30 बजे प्रयागराज पहुंचेगी। यह ट्रेन यात्रा के दौरान भावनगर पारा, धोला, बोटाद, सुरेंद्रनगर।

## हीरा पन्ना शॉपिंग सेंटर में आग लगने से अफरातफरी

**डीबीडी संवाददाता। मुंबई**

**दक्षिण** मुंबई के मशहूर हीरा पन्ना शॉपिंग सेंटर में रविवार को सुबह अचानक आग लग जाने से अफरातफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पा लिया। इस घटना कोई हताहत नहीं हुआ है। मुंबई नगर निगम सूत्रों के अनुसार दक्षिण मुंबई के हाजी अली के पास पंडित मदनमोहन मालवीय मार्ग पर स्थित हीरा पन्ना शॉपिंग सेंटर के एक दुकान में रविवार सुबह 9.09 बजे आग लग गई। इसकी सूचना मिलते ही शॉपिंग सेंटर में सभी दुकानदार और ग्राहक सुरक्षित बाहर निकल गए। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड के जवान मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पा लिया, लेकिन दो दुकानें जलकर राख हो गई हैं।



इसी तरह आग लगने की दूसरी घटना रविवार को सुबह गोरेगांव के डिंडोशी में इन्फिनिटी आईटी पार्क के सामने ए के वैद्य मार्ग के पास हुई। इस घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड कर्मी तत्काल मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पा लिया है। इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। घटनास्थल पर डिंडोसी पुलिस स्टेशन की आग लगने के कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

## लाडकी बहिन योजना मनपा चुनाव के बाद बंद हो जाएगी :विनायक राऊत

**डीबीडी संवाददाता। मुंबई**

पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के प्रमुख सहयोगियों में शामिल सांसद व शिवसेना (यूबीटी) के प्रवक्ता संजय राऊत अपने विवादित बयानों के कारण अक्सर विवादों में घिरे रहते हैं। अब उद्धव के एक और राऊत अपने बयान के कारण चर्चा में आ गए हैं। हम शिवसेना (यूबीटी) के पूर्व सांसद विनायक राऊत की बात कर रहे हैं। विनायक राऊत ने रविवार को बीजेपी नीत महायुति सरकार की गेमचेंजर 'लाडली बहन' योजना को लेकर बड़ा दावा किया है। राऊत का दावा है कि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्ववाली महायुति सरकार मनपा (निकाय) चुनाव के बाद लाडली बहन योजना को बंद कर देंगी। इस साल हुए विधानसभा चुनाव से पहले महाराष्ट्र में सत्ता परिवर्तन की अटकलें लगाई जा रही थीं। लेकिन चुनाव से कुछ ही महीने पहले सरकार ने मध्यप्रदेश की लाडली बहन योजना की तर्ज पर महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री माझी लाडली बहिन (लाडली बहन) योजना की घोषणा कर दी।



### छठवीं किस्त भी जारी की

सरकार ने योजना के तहत लगभग 2 करोड़ 35 लाख महिलाओं को 1500 रुपए प्रतिमाह के हिसाब से पांच महीने की पांच किस्तों के 7500 रुपए का भुगतान भी कर दिया। इतना ही नहीं सरकार ने चुनाव में जीतने पर योजना की राशि बढ़ाकर 2100 रुपए करने की घोषणा प्रचार के दौरान की थी।

### विधानसभा चुनाव में महायुति को मिली सफलता

गेम चेंजर साबित हुई लाडली बहन योजना के परिणाम स्वरूप अकेले बीजेपी को रिकॉर्ड 132 सीटों पर जीत मिली जबकि उसकी महायुति को 230 सीटों पर जीत दर्ज करने में सफल रही। सरकार ने अब योजना की छठवीं किस्त का भुगतान भी शुरू कर दिया है। लेकिन विनायक राऊत ने यह कहकर सनसनी फैला दी है कि सरकार इस योजना को सिर्फ मनपा चुनाव तक ही जारी रखेगी। विनायक राऊत का दावा है कि बीजेपी की मुंबई मनपा पर लंबे अर्से से नजर रही है। विधानसभा चुनाव की तर्ज पर लाडली बहन योजना की मदद से बीजेपी मनपा चुनाव भी जीतना चाहती है। लेकिन इससे महाराष्ट्र की तिजोरी पर बुरा असर पड़ेगा। महाराष्ट्र कर्ज में डूब रहा है। ऐसे में वित्त मंत्री अजित पवार के लिए भविष्य में महाराष्ट्र की अर्थव्यवस्था को संभालना चुनौती बन जाएगा।

संपादकीय

# दूर तलक जाएगा बेलगावी का संदेश

कर्नाटक के बेलगावी में आयोजित अपने दो दिवसीय अधिवेशन के पहले दिन कांग्रेस ने भारतीय जनता पार्टी सरकार के खिलाफ़ लड़ाई तेज करने का निश्चय किया है। अधिवेशन के पहले ही दिन कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे ने ऐलान किया है कि हम नेहरू-गांधी की विचारधारा, बाबा साहेब अंबेडकर के सम्मान के लिए आखिरी सांस तक लड़ेंगे। इसके साथ ही कुछ महत्वपूर्ण निर्णय कांग्रेस ने लिए हैं। जिसमें संगठन को मजबूत करने के साथ-साथ चुनाव प्रक्रिया में सुधार लाने, किसानों के हितों की रक्षा करने, भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई को तेज करने की रणनीति बनाई जाएगी। श्री खड़गे ने कहा है कि 2025 संगठन को मजबूत करने का साल होगा, पार्टी में खाली पदों को भरा जाएगा। उदयपुर घोषणापत्र को पूरी तरह लागू किया जाएगा। पार्टी को चुनाव जीतने के लिए आवश्यक कौशल से लैस किया जाएगा। साथ ही वैचारिक रूप से प्रतिबद्ध लोगों को ढूंढा जाएगा जो संविधान और भारत के विचार की रक्षा करेंगे। खड़गे ने कहा कि केवल कड़ी मेहनत पर्याप्त नहीं, समय पर ठोस रणनीति, सही दिशा, नई शक्ति, नेतृत्व को मौका देने की जरूरत है। हमारे पास गांधी-नेहरू की विरासत है। बेलगाव से नए संकल्प के साथ लौटेंगे, यह भरोसा श्री खड़गे ने जताया। वहीं कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी इस अधिवेशन में शामिल नहीं हो पाईं, लेकिन अपने संदेश में उन्होंने कहा कि दिल्ली में सत्ता में बैठे लोगों से महात्मा गांधी की विरासत खतरे में है। जिन संगठनों ने कभी स्वतंत्रता के लिए लड़ाई नहीं लड़ी, उन्होंने महात्मा गांधी का कटु विरोध किया, विषाक्त वातावरण बनाया जिसके कारण उनकी हत्या कर दी गई। आइए हम व्यक्तिगत रूप से, सामूहिक रूप से, पार्टी के सामने आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए तत्परता की नई भावना के साथ संकल्प के साथ आगे बढ़ें।

गौरतलब है कि ठीक सौ वर्ष पूर्व इसी स्थल पर कांग्रेस का एक अत्यंत महत्वपूर्ण अधिवेशन हुआ था जो महात्मा गांधी द्वारा की गयी सदारत का पार्टी का एकमेव अधिवेशन है। जिस प्रकार से उस अधिवेशन में गांधीजी ने आपसी भेदभाव भुलाकर फिरंगियों के खिलाफ़ लड़ाई तेज करने और आजादी हासिल करने तक शांत न बैठने का आह्वान किया था, इस अधिवेशन में भी कांग्रेस ने संकल्प लिया कि जनविरोधी और निरंकुश हो चुकी भाजपा सरकार के खिलाफ़ देशव्यापी आंदोलन चलाया जायेगा। इस अधिवेशन के लिये कांग्रेस ने अपना घोष वाक्य 'जय बापू-जय भीम-जय संविधान' निर्धारित किया है, जो अपने आप में यह बतलाने के लिये काफी है कि पार्टी गांधीवादी मूल्यों के साथ संविधान को बचाने के लिये देश में बड़ी लड़ाई छेड़ेगी। लोकसभा के लगातार तीन चुनाव जीतते हुए पिछले 11 वर्षों के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने जिस तरह से सारी शक्तियों का केन्द्रीकरण किया है और निरंकुश कार्य पद्धति अपना रखी है, उसके विरूद्ध कांग्रेस संसद के भीतर व बाहर संघर्ष तो छेड़े हुए ही है, उसने इस अधिवेशन में जो संकल्प लिये हैं वह उसी लड़ाई को तेज व धारदार करेगी। उम्मीद की जानी चाहिये कि संगठन को नया रूप देते हुए नवसंकल्पों के साथ पार्टी बेलगावी से निकलेगी और पूरे देश में अपने निश्चयों को पूरा करने हेतु जी-जान से जुट जायेगी। उपरोक्त सारे तथ्यों व पार्श्वभूमि को ख्याल में रखते हुए कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में संगठन को मजबूत करने का भी तय किया गया। निश्चित रूप से यह भी समय की मांग है। कांग्रेस को इस निर्णायक दौर में ऐसे कार्यकर्ता व नेता चाहिये जो बगैर डरे मोदी, शाह व भाजपा का विरोध कर सकें तथा उनकी संगठन में अडिग निष्ठा हो।

शख्सियत | मैनुअल एरोन

## पहले भारतीय शतरंज मास्टर



मैनुअल एरोन 20वीं सदी के उत्तरार्ध में पहले भारतीय शतरंज मास्टर हैं। उन्होंने 1960 से 1980 के दशक तक भारत में शतरंज पर अपना दबदबा कायम रखा, 1959 और 1981 के बीच नौ बार भारत के राष्ट्रीय चैंपियन रहे। वह अंतर्राष्ट्रीय मास्टर खिताब से सम्मानित होने वाले भारत के पहले खिलाड़ी हैं, और अंतर्राष्ट्रीय शतरंज प्रथाओं को शुरू करने वाले प्रमुख व्यक्तियों में से एक हैं।

मैनुअल एरोन का जन्म 30 दिसंबर 1935 को टौंगू (औपनिवेशिक बर्मा) में भारतीय माता-पिता के यहां हुआ। एरोन भारत के तमिलनाडु में पले-बढ़े, जहां उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा की। इसके बाद उन्होंने बी.एससी. किया। इलाहबाद यूनिवर्सिटी से. एरोन नौ बार भारतीय राष्ट्रीय चैंपियन रहे (1959 और 1981 के बीच 14 चैंपियनशिप में से), जिसमें 1969 और 1973 के बीच लगातार पांच खिताब शामिल थे। उन्होंने ग्यारह बार तमिलनाडु शतरंज चैंपियनशिप भी जीती (1957-1982)। उनके बाद तमिलनाडु भारत की शतरंज की शक्ति के रूप में उभरा। उन्होंने मंगोलिया के सुकिएन मोमो के खिलाफ पश्चिम एशियाई जोनल 3-1 से जीता (अपनी अंतर्राष्ट्रीय मास्टर रेटिंग अर्जित की) और 1961 में ऑस्ट्रेलिया के सेसिल पड़ीं के खिलाफ एशियाई-ऑस्ट्रेलियाई जोनल फाइनल 3-0 से जीता। 1962 में, उन्होंने भारतीय खिलाड़ियों के लिए अर्जुन पुरस्कार जीता, वह इस तरह सम्मानित होने वाले पहले शतरंज खिलाड़ी थे। एशियाई स्तर पर इन जीतों ने उन्हें इंटरज़ोनल के लिए योग्य बना दिया, और 1962 में, उन्होंने स्टॉकहोम इंटरज़ोनल में खेला और हालांकि अंतिम (23वें स्थान पर) रहे, उनका खेल ग्रैंडमास्टर्स लाजोस पोर्टिस्क और वोल्फगैंग उहल्मन को दी गई हार के लिए उल्लेखनीय था।

एरोन ने शतरंज ओलंपियाड में तीन बार भारतीय टीम के साथ भी खेला। उन्होंने लीपज़िग 1960 (+2 −10 =8) में भारतीय टीम की कप्तानी की, जिसमें मैक्स यूवे पर जीत भी शामिल थी और वर्ना 1962 में (+7 −6 =4), जिसमें लाजोस पोर्टिश पर एक और जीत भी शामिल थी। 1964 में, उन्होंने तेल अवीव में दूसरे बोर्ड में खेला (+4 −7=6)। उन्होंने 1977 में ऑकलैंड में दूसरी एशियाई टीम चैंपियनशिप और 1981 में चीन के हांगझू में चौथी एशियाई टीम चैंपियनशिप में भारत का नेतृत्व किया। वह हांगकांग 1984 में राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप में चौथे स्थान पर रहे। यह प्रतियोगिता केविन स्प्रैगेट और मरे चैंडलर ने जीती थी।

# आर्थिक उदारीकरण का चितेरा मौन



**केके उपाध्याय (वरिष्ठ पत्रकार)**
हिंदुस्तान, अमर उजाला, स्वदेश व दैनिक भाष्कर के संपादक रहे, वर्तमान में जनता टीवी के मुख्य संपादक हैं।

वह 1991 का दौर था। देश आर्थिक संकट से जूझ रहा था। क़र्ज़ के बोझ तले दबे हुए थे। विश्वबैंक ने ऋण देने से मना कर दिया। संकट के इस काल में प्रधानमंत्री बने थे पी. वी. नरसिंहराव। प्रधानमंत्री ने सीधे मनमोहन सिंह को कॉल किया। कहा गया कि आप देश के अगले वित्तमंत्री होंगे। यह कांटों का ताज था। अंगारों पर चलना था।

ऐसे में वित्तमंत्री मनमोहन सिंह ने अंतरराष्ट्रीय दरवाज़े खोल दिए।

निर्यात से तमाम सरकारी प्रतिबंध हटाए। घाटे में चल रहे सरकारी उपक्रमों के निजीकरण के लिए रास्ता खोला। सेबी का निर्माण हुआ। उदारीकरण के रास्ते खुले। इंस्पेक्टर राज समाप्त हुआ। नरसिंहराव ने मनमोहन के काम में अड़ंगा नहीं लगाया, न ही रिमोट से चलाया। लिहाज़ा देश बढ़ने लगा। कुलाँचें भरने लगा। तब वामपंथियों ने उदारीकरण के खिलाफ तक़रीरें की थीं।

हाँ, भारत में वामपंथी दलों और नेताओं ने 1991 के उदारीकरण, निजीकरण, और वैश्वीकरण (एलपीजी) नीतियों का विरोध किया था। वामपंथी दल, जैसे कि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (CPI) और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (CPI-M), ने इन नीतियों को मजदूर वर्ग, किसानों और गरीब तबकों के हितों के खिलाफ माना। उनके मुख्य विरोध के बिंदु निम्नलिखित थेः-

**सार्वजनिक क्षेत्र का कमजोर होनाः** वामपंथियों का मानना था कि उदारीकरण की नीतियाँ सार्वजनिक क्षेत्र को कमजोर करेंगी और उसे निजी हाथों में सौंप देंगी।

**सामाजिक असमानता में वृद्धिः** उन्होंने आशंका जताई कि उदारीकरण से गरीब और अमीर के बीच की खाई और गहरी हो जाएगी, जिससे समाज में असमानता बढ़ेगी।

**विदेशी पूंजी पर निर्भरताः** वामपंथी दल विदेशी निवेश और बहुराष्ट्रीय कंपनियों के प्रभाव के खिलाफ थे। उनका मानना था कि इससे भारत की आर्थिक संप्रभुता खतरे में पड़ जाएगी।

**कृषि और मजदूरों पर प्रभावः** वामपंथियों ने तर्क दिया कि उदारीकरण की नीतियाँ कृषि क्षेत्र और श्रमिक वर्ग पर प्रतिकूल प्रभाव डालेंगी, जिससे उनकी आजीविका खतरे में पड़ेगी।



खैर, वामपंथियों को ग़रीबी भाती है। तरक्की उनकी कथित क्रांति के रास्ते में काँटा थी।

खैर, आज बात मनमोहन सिंह की है। प्रधानमंत्री के तौर पर मनरेगा और आरटीआई जैसी विराट योजनाओं ने देश का मिज़ाज बदला, अंदाज बदला। इसी अंदाज को ठेस लगी जब राजनीति के नौनिहाल राजकुमार राहुल गांधी ने 27 सितंबर 2013 को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में "आधिकारिक गोपनीयता अध्यादेश" (Ordinance on Convicted Lawmakers) की सार्वजनिक रूप से आलोचना करते हुए उसे "बकवास" (nonsense) कहा था। विरोध करते हुए प्रतीकात्मक रूप से उसकी एक प्रति फाड़ दी थी। इससे मनमोहन सिंह टूट गए थे। कहा तो यहां तक जाता है कि वे इस्तीफा देने वाले थे। इससे बड़ा अपमान जीवन में उन्होंने नहीं झेला था। आज आर्थिक उदारीकरण का चितेरा चला गया। वह, जो इस देश को अर्थ मजबूत करने का मंत्र देकर गया। आज मनमोहन तो मौन हो गए। उनकी सदाएँ गूँजती रहेंगी फ़िज़ाओं में, आर्थिक गलियारों में। उन्हें कोटि-कोटि नमन।

जीवन मंत्र

# डेली लाइफ में ना करें इस तरह का व्यवहार

आजकल के बेसिक एटिकेट में फोन से जुड़े कई सारे मैनर हैं। जिनके बारे में आपको माइंडफुल होना चाहिए। जैसे कि किसी ने अपनी फोटो दिखाने के लिए आपको फोन दिया तो स्क्रॉल करके नेक्स्ट फोटो पर जाना शिष्टाचार नही हैं।

इंसान सामाजिक प्राणी है तो उसे एक दूसरे के साथ मिलजुल कर रहना होता है। इसके साथ ही कुछ बेसिक शिष्टाचार यानी एटिकेट के बारे में भी जानकारी जरूर रखनी चाहिए। तभी आप लोगों के बीच अपनी अच्छी इमेज बना सकते हैं।

अगर आप उन लोगों में शामिल है जिसे देखकर लोग भागना शुरू कर देते हैं। तो गौर करें कहीं आप रोजाना के व्यवहार में इस तरह की गलतियां तो नहीं करते। जिनके बारे में आपको जरूर जानना चाहिए और सुधार लाने की कोशिश करनी चाहिए।



**दूसरों की कमियां बताना**

अगर आप सामने वाले के बिल्कुल खास दोस्त नहीं हैं और केवल कैजुअल रिलेशिनशिप रखते हैं तो बात करने के दौरान ध्यान रखना चाहिए कि आप उसकी कमियों को ना गिनाएं। या सीधे तौर पर उसकी कमियों को ना कहें। किसी से डायरेक्ट ऐसा कहना शिष्टाचार में नहीं गिना जाता।

**फोन मैनर**

आजकल के बेसिक एटिकेट में फोन से जुड़े कई सारे मैनर हैं। जिनके बारे में आपको माइंडफुल होना चाहिए। जैसे कि किसी ने अपनी फोटो दिखाने के लिए आपको फोन दिया तो स्क्रॉल करके नेक्स्ट फोटो पर जाना शिष्टाचार नही हैं। अगर आपको दूसरी फोटोज देखनी है तो सबसे पहले उससे पूछें और उसके बाद ही स्क्रॉल करें।

अगर आपके प्रेजेंस में सामने वाला इंसान किसी का फोन अटेंड कर रहा है तो कॉल खत्म होने के बाद उससे डिटेल ना मांगे जैसे कि किसका फोन था, क्या हुआ जैसी चीजों को बोलने से बचे। जब तक कि वो खुद ना बताए कि वो फोन पर किससे बात कर रहा था।

दूसरों के फोन में झांकना अशिष्टता में गिना जाता है और ये उसकी प्राइवेसी पर हमला है।

**गॉसिप से बचें**

अगर आपकी आदत लोगों की बातों में कुछ बातें जोड़कर दूसरों से शेयर करने की है। तो इस आदत को फौरन बंद कर दें। गॉसिप करने और दूसरों के बारे में ज्यादा बात करने की आदत की वजह से अक्सर लोग दूर हो जाते हैं।

जीवन ऊर्जा | जोसेफ रुडयार्ड किपलिंग : जन्म 30 दिसंबर 1865 | जन्म

जोसेफ रुडयार्ड किपलिंग एक अंग्रेजी उपन्यासकार, लघु-कथा लेखक, कवि और पत्रकार थे। उनका जन्म 30 दिसंबर 1865 में हुआ था। उनका जन्म ब्रिटिश भारत में हुआ था, जिसने उनके अधिकांश कार्यों को प्रेरित किया। उन्हें लघुकथा की कला में एक प्रवर्तक के रूप में देखा जाता है। उनके द्वारा बच्चों के लिए लिखी गई किताबें क्लासिक्स हैं, जिस पर एक आलोचक ने ÷एक बहुमुखी और चमकदार कथा उपहार÷ का उल्लेख किया। 18 जनवरी 1936 में उनकी मृत्यु हुई।

## शब्द मानव जाति के लिए सबसे शक्तिशाली दवा है

बेशक, शब्द मानव जाति द्वारा उपयोग की जाने वाली सबसे शक्तिशाली दवा है। जनजाति से अभिभूत होने से बचने के लिए व्यक्ति को हमेशा संघर्ष करना पड़ता है। यदि आप इसे करने की कोशिश करते हैं, तो आप अक्सर अकेले और कभी-कभी डरे हुए होंगे, लेकिन खुद के मालिक होने के विशेषाधिकार के लिए भुगतान करने के लिए कोई कीमत बहुत अधिक नहीं है। मैं छह ईमानदार सेवारत पुरुषों को रखता हूं। इनके नाम हैं क्या और क्यों और कब और कैसे और कहां और कौन। धन, या पद, या महिमा के लिए अत्यधिक चिंता से सावधान रहें।

किसी दिन आप एक ऐसे व्यक्ति से मिलेंगे, जो इन बातों की परवाह नहीं करता। तब आपको पता चलेगा कि आप कितने गरीब हैं। यदि तुम प्रतीक्षा कर सकते हो, और प्रतीक्षा करके नहीं थकते। यदि तुम सपने देख सकते हो, और सपनों को अपना मालिक नहीं बना सकते; यदि आप सोच सकते हैं, और विचारों को अपना लक्ष्य नहीं बना सकते। यदि आप विजय और आपदा से मिल सकते हैं और उन दो ढोंगियों के साथ एक जैसा व्यवहार कर सकते हैं, पृथ्वी और जो कुछ उस में है, वह आपका है।



दुनिया के सभी झूठे लोगों में, कभी-कभी सबसे खराब हमारा अपना डर होता है। यदि आप अपने बारे में अपनी बुद्धि बनाए रख सकते हैं, जबकि अन्य सभी अपनी बुद्धि खो रहे हैं और आपको दोष दे रहे हैं। अज्ञान से बड़ा कोई पाप नहीं है, यह याद रखना। यदि आप कुछ चाहते हैं और नहीं पाते हैं, तो इसके केवल दो कारण हैं, आप या तो वास्तव में इसे नहीं चाहते थे या आपने कीमत पर मोलभाव करने की कोशिश की थी।

सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# वैराग्य और भक्ति का मार्ग है 'गीता'और 'मानस'

'गीता' और 'मानस' दोनों ही ज्ञान, वैराग्य और भक्ति जैसे मार्गों का निरूपण करते हैं परंतु प्रधानता कर्म की प्रतिपादित करते हैं। श्रीकृष्ण 'कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन, मा कर्मफलहेतुर्भूर्मा ते संगोऽस्त्वकर्मणि' का उपदेश देते हैं तो गोस्वामी जी 'करम प्रधान बिस्व रचि राखा, जो जस करइ सो तस फल चाखा।' का उद्घोष करते हैं। 'गीता' और 'मानस' दोनों में ईश्वर के विराट स्वरूप का वर्णन है। 'गीता' में एक पूरा अध्याय श्रीकृष्ण के विराट स्वरूप को समर्पित है तो 'मानस' में यत्र तत्र सर्वत्र श्रीराम का विराट स्वरूप वर्णित है! कागभुशुण्डि, मंदोदरी के माध्यम से गोस्वामी जी ने श्रीराम के अलौकिक, दिव्य और विराट स्वरूप का वर्णन किया है। 'गीता' के ग्यारहवें अध्याय में भगवान अर्जुन को दिव्यदृष्टि प्रदान कर अपने विश्वरूप का दर्शन कराते हैं। तब मोहग्रस्त, आश्चर्यचकित एवं रोमांचित अर्जुन उस विराट स्वरूप का वर्णन करते हैं। कुन्तीपुत्र ने 'पश्यामि देवांस्तव देव देहे सर्वांस्तथा भूतविशेषसंघान, ब्रह्माणमीशं कमलासनस्थमृषींश्च सर्वानुरगांश्च दिव्यान' से लेकर 'आख्याहि मे को भवानुग्ररूपो नमोस्तु ते देववर प्रसीद, विज्ञातुमिच्छामि भवन्तमाद्यं न हि प्रजानामि तव प्रवृत्तिम' तक सत्रह श्लोकों में विश्वरूप की प्रार्थना की है। 'मानस' के अनुसार परमात्मा श्रीराम की कृपा से उनके विराट स्वरूप में समाहित अद्भुत सृष्टि को कागभुशुण्डि ने भी देखा था। उत्तरकांड में कागभुशुण्डि श्रीराम के विराट स्वरूप का वर्णन करते हुए कहते हैं-

'जो नहिं देखा नहिं सुना जो मनहूँ न समाइ,
सो सब अद्भुत देखेउँ बरनि कवनि बिधि जाइ।'

जो न देखा, न सुना, जो मन में नहीं समा सकता यानी जिसकी कल्पना नहीं की जा सकती मैंने वही सब अद्भुत सृष्टि देखी।





**पंडित कैलाशचंद्र शर्मा**
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

इसी प्रकार मंदोदरी अपने पति राक्षसराज रावण को सविस्तार समझाती है कि मेरी बात का विश्वास करिए, रघुकुल शिरोमणि श्रीरामचन्द्रजी वही विश्वरूप हैं, वेद जिनके अंग अंग में अनगिनत लोकों की कल्पना करते हैं।

'बिस्वरूप रघुबंस मनि करहु बचन बिस्वासु,
लोक कल्पना बेद कर अंग अंग प्रति जासु।'

दोनों ग्रंथ सनातनधर्मियों के लिए देवतुल्य पूज्य हैं। 'गीता' स्वयं परमात्मा के मुखारविंद से प्रकट हुई है। 'मानस' के रचयिता भगवान शिव हैं-
रचि महेस निज मानस राखा।
दोनों ग्रंथ समस्त सांसारिक दुखों का कारण अज्ञान को मानते हैं।

सक्सेस मंत्र

## इंसान को कभी मायूस नहीं होना चाहिए

इंसान जिंदगी में आगे बढ़ने के लिए बहुत मेहनत करता है। लेकिन जब वह सफल नहीं हो पता है तो निराश हो जाता है, मेहनत करना छोड़ देता है। इस बात को अगर दूसरे नजरिए से देखा जाए तो हमारे जीवन में आने वाली असफलताएं हमें तजुर्बा देती हैं और गलतियां करने से बचाती हैं। इसलिए इंसान को कभी मायूस नहीं होना चाहिए, उसे मेहनत करते रहना चाहिए। एक दिन ऐसा आएगा कि मेहनत का फल सफलता में बदल जाएगा। ऐसी ही कहानी है रोहित की। रोहित ने बड़े उत्साह से परीक्षा की तैयारी की। इसके बावजूद वह टॉप नहीं कर पाया और वह बहुत उदास व निराश रहने लगा। असफलता के गम में उसने पहले की तरह प्रयास करना छोड़ दिया। रोहित की इस परेशानी का पता जब उसके अध्यापक को पता लगा, जो उसके मार्गदर्शक थे तो उन्होंने एक दिन उसे अपने घर बुलाया। उन्होंने रोहित से परेशानी की वजह पूछी। रोहित ने उन्हें बताया की 'उसने दिन रात मेहनत की पर जैसा वो चाहता था वैसे नतीजे नहीं आए इसलिए वो हताश हो चुका है। रोहित की बात सुनने के बाद अध्यापक ने उसे अपने साथ बगीचे में चलने के लिए कहा। वो उसे टमाटर के पौधों के पास ले गए और बोले की इस टमाटर के इस खराब और मरे हुए पौधे को देखो।जब मैंने इस पौधे को बोया था तो मैंने इसे समय-समय पर सही मात्रा मे पानी दिया, खाद भी डाली और कीटनाशक का छिड़काव भी किया, पर फिर भी यह खराब हो गया। तो क्या?, रोहित बोला। इतनी सारी मेहनत, इतना पैसा और समय देने के बाद भी अगर जैसा रिजल्ट हम चाहते हैं वो न मिल पाए तो इतना सब कुछ करने से क्या फायदा है। इसी तरह तुमने मेहनत तो की पर टॉप नहीं कर पाए लेकिन इसका मतलब यह नहीं है की तुम्हारी दिन रात की मेहनत खराब गई और तुम असफल हो गए। परीक्षा देते समय कई चीजें मायने रखती हैं, जिसमें लिखने की स्पीड, तबीयत, मनोस्थिति और भी बहुत कुछ जो सिर्फ मेहनत का पैमाना नहीं है। जो तुमने सीखा वो जिंदगी के हर मोड़ पर काम आएगा । मेहनत करने के बावजूद मनचाहा न मिलने का मतलब यह नहीं है की आप असफल हो गए। इसका मतलब है की आपने सफलता तक पहुचने की एक और सीढ़ी चढ़ी है।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com **कार्यकारी संपादक :** राजा आदाटे (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।





# साल की आखिरी सोमवती अमावस्या इस दिन, जानें किन चीजों का करें 'दान'



पौष महीने की अमावस्या यानी इस साल की आखिरी अमावस्या सोमवार को पड़ रही है। आपको बता दें कि इस अमावस्या का महत्व कई गुना है क्योंकि यह अमावस्या सोमवार को पड़ रही है। आपको बता दें कि सोमवती अमावस्या पर स्नान और दान का बहुत अधिक महत्व है। हर साल दो या तीन ही सोमवती अमावस्या होती हैं। इसलिए इनका महत्व बहपत अधिक होता है। कहते हैं कि इस दिन पीपल के पेड़ की पूजा करने, गंगा स्नान करने पितरों का तर्पण करने से पितर प्रसन्न होते हैं। इस दिन पितरों के लिए कपड़े आदि निकालने चाहिए। उनका तर्पण करना चाहिए।दूध में पानी और काले तिल मिलाकर पीपल पर अर्पित करने से पितरों का मोक्ष मिलता है।

### कब है अमावस्या

पौष अमावस्या 30 दिसंबर को तड़के 4:02 बजे लगेगी जो 31 दिसंबर तड़के 3:57 बजे तक रहेगी। मूल नक्षत्र 29 दिसंबर को रात 11:22 बजे से 30 दिसंबर को रात 11:58 बजे तक रहेगा। आपको बता दें कि अमावस्या पर व्रत रखने की भी परंपरा है। लोग इस दौरान दिनभर व्रत करते हैं। यह तिथि पितरों के लिए ही निश्चित की गईहै, इस दिन हम जो कुछ दान करते हैं, वो पितरों तक पहुंचता है। इस दिन चंद्र देव की पूजा की जाती है। पितरों की पूजा के लिए आप कंड़ो को जलाकर उसमें खीर, काले तिल और गंगा जल अर्पित करने के बाद पितरों का ध्यान करना चाहिए। ऐसा करने से पितर प्रसन्न होते हैं। इसलिए हमें आशीर्वाद प्रदान करके जाते हैं।

### किन चीजों का करना चाहिए दान

सोमवती अमावस्या पर सबसे पहले पितरों के लिए कपड़े, मिठाई और भोजन का दान किसी गरीब व्यक्ति को करना चाहिए। ऐसा करने से पितर प्रसन्न होते हैं। इसके अलावा चावल, दूध, मिश्री, चीनी, खोवा से बने सफेद मिष्ठान्न, सफेद वस्त्र, चांदी एवं अन्य सफेद रंग की वस्तुएं दक्षिणा के साथ दान करनी चाहिए।

# शरीर के लिए 'जहर' बन सकती है अपकी ये छोटी सी भूल



## जानें खाने के कितनी देर बाद पीना चाहिए दूध?

बचपन से ही हमें बताया जाता है कि सेहतमंद रहना है तो रोज एक गिलास दूध पीना ही चाहिए। दरअसल दूध अपने आप में एक कंप्लीट फूड होता है, यानी हमारे शरीर को जितने पोषक तत्वों की जरूरत होती है उनमें से लगभग कई दूध में पाए जाते हैं। अक्सर लोग रात में सोने से पहले गर्म-गर्म दूध पीना पसंद करते हैं। हालांकि कई बार लोग डिनर के कुछ देर बाद ही दूध पी लेते हैं, जो सेहत के लिए बिल्कुल भी अच्छा नहीं। दूध के भरपूर फायदे चाहिए तो उसे पीने का तरीका भी मायने रखता है। ऐसे में लोगों के मन में अक्सर यह सवाल बना रहता है कि खाने के कितनी देर बाद दूध पीना सही होता है। तो चलिए आज इसी बारे में विस्तार से जानते हैं।

### खाने के तुरंत बाद क्यों ना पीएं दूध



आयुर्वेद में रात को सोने से पहले दूध पीना किसी अमृत से कम नहीं माना गया है। हालांकि खाने से तुरंत बाद दूध पीने से परहेज करने की सलाह दी गई है। दरअसल खाने के कुछ देर बाद ही दूध पी लेने से पाचन संबंधी समस्याएं हो सकती ह ैं। जब हम खाना खाते हैं, तो वो लगभग घंटे भर के लिए हमारे पेट में यूं ही रहता है। यानी इस दौरान भोजन के डाइजेशन की प्रक्रिया चल ही रही होती है। ऐसे में जब हम कुछ ही देर बाद ऊपर से दूध पी लेते हैं, तो ये पेट के भोजन के साथ मिल जाता है। आयुर्वेद में दूध और नमक को विपरीत आहार बताया गया है, ऐसे में दूध और नमक आपस में मिलकर शरीर के लिए कई सारी परेशानियां खड़ी कर सकते हैं।

### भोजन के कितनी देर बाद पीएं दूध

अब सवाल उठता है कि अगर दूध का पूरा फायदा चाहिए जो भोजन के कितनी देर बाद दूध पीना सही होगा। आयुर्वेद की मानें तो भोजन के बाद कम से कम एक घंटे का गैप रख कर ही दूध पीना चाहिए। अगर आप किसी दिन लेट नाइट भोजन कर रहे हैं, तो उस दिन बेहतर होगा कि दूध ना ही पीएं लेकिन कभी भी खाने के तुरंत बाद दूध ना पीएं। इसके साथ ही दूध को हमेशा हल्का गर्म कर के ही पीएं। ठंडा या ज्यादा तेज गर्म दूध पीने से परहेज करें।

# रात को सोने से पहले तलवों पर लगाएं घी, इन 6 समस्याओं से मिलेगी राहत



रात को सोने से पहले तलवों पर घी मलना बेहद फायदेमंद है। खासतौर पर सर्दियों में कब्ज से लेकर ज्वाइंट पेन जैसी कई सारी समस्याएं परेशान करती हैं। इन समस्याओं से निपटने के लिए डायटीशियन रुजुता दिवाकर घी लगाने की सलाह देती हैं। रोजाना रात को सोने से पहले अगर घी की कुछ बूंद उंगलियों पर लेकर तलवों पर लगाएं और हथेली की मदद से तब तक रगड़ें, जब तक कि हथेली गर्म ना हो जाए। तो ये हेल्थ के लिए बेनिफिशियल है। जानें तलवों पर घी मलने से होने वाले फायदे।

### कब्ज जैसी समस्या का समाधान

जिन लोगों को सर्दियों में खासतौर पर कब्ज परेशान करती है या फिर बिना कब्ज की दवा लिए पेट साफ नहीं होता। उन्हें रोजाना तलवों पर घी रब करके सोना चाहिए। ऐसा करने से क्रॉनिक कब्ज और हमेशा रहने वाली कब्ज से भी राहत मिलती है।

### ज्वाइंट्स पेन में आराम

सर्दियों में ज्यादातर लोगों के जोड़ों का दर्द बढ़ जाता है। पैरों में दर्द के साथ काफी सारे लोग ठंड में कंधे में दर्द और जकड़ने से परेशान रहते है। ऐसे में रात को तलवे पर घी लेकर मलने से ये सारे ज्वाइंट्स स्टिमुलेट होते हैं और दर्द कम होता है।

### ब्लड सर्कुलेशन बढ़ाता है

ठंड में ब्लड वेसल्स सिकुड़ जाती हैं और साथ ही ब्लड सर्कुलेशन भी कम हो जाता है। तलवों पर देसी घी रगड़ने से ब्लड वेसल्स की सिकुड़न दूर होकार ब्लड का सर्कुलेशन बढ़ने में मदद मिलती है।

### नींद आने में मदद मिलती है

जिन लोगों को नींद नहीं आती है और बेचैनी महसूस होती है। रात में बार-बार नींद खुल जाती है। ऐसे लोगों को तलवे पर घी मलकर सोना चाहिए।

### पैरों के दर्द में आराम

जिन लोगों के काल्फ में भयंकर दर्द होता है ये पूअर डाइजेशन का सिग्नल होता है। ऐसे लोगो को भी रोजाना पैर के तलवों पर देसी घी की मसाज करके ही सोना चाहिए।

### शरीर में वात दोष बैलेंस होता है

आयुर्वेद में बीमारियों के लिए तीन चीजों को जिम्मेदार बताया जाता है। वात, पित्त और कफ। इन तीन में से जब जिस चीज की मात्रा शरीर में बढ़ जाती है तो अलग-अलग बीमारियां होने लगती है। पैर के तलवों में मालिश करने से वात को बैलेंस करने में मदद मिलती है।

# बच्चे को जुकाम हो तो जानिए कैसे दें इसे मात, फ्रैक्चर से तेज रिकवरी के लिए क्या खाएं



**सवाल-** मेरी सात साल की बेटी को बार-बार जुकाम हो जाता है। मैं उसे जुकाम के लिए एलोपैथिक दवाएं देने से परहेज करती हूं। क्या खानपान में बदलाव के माध्यम से जुकाम पर लगा पाना संभव है?

**जवाब-**बच्ची को जुकाम से राहत पहुंचाने के लिए उसे ज्यादा-से-ज्यादा मात्रा में पानी व अन्य तरल पदार्थ पीने के लिए दें। ज्यादा मात्रा में तरल पदार्थ का सेवन करने से कफ आसानी से शरीर से बाहर निकलता है और नाक बंद होने की समस्या भी कम होती है। साथ ही चाय, कॉफी और कोल्ड ड्रिंक के सेवन पर लगाम लगाएं। गर्म तरल पदार्थ देने से बंद नाक की समस्या से छुटकारा मिलेगा, साथ ही नाक और गले में हो रही जलन आदि में राहत मिलेगी। चिकन सूप भी जुकाम और उसके लक्षणों में राहत दिलवाने में मदद करता है। यूनिवर्सिटी ऑफ नेब्रास्का मेडिकल सेंटर के शोधकर्ताओं के द्वारा किए गए शोध में भी इस बात की पुष्टि हुई है। बच्ची को इंफेक्शन से लड़ने वाले खाद्य पदार्थ जैसे लहसुन व अदरक आदि भी दें। प्याज में फाइटोकेमिकल्स होते हैं, जो ब्रोंकाइटिस और इंफेक्शन से लड़ने में मददगार साबित होंगे। मेथी को तरह-तरह से उसकी डाइट का हिस्सा बनाएं। मेथी के सेवन से बंद नाक से राहत मिलेगी। सरसों के सेवन से भी बंद नाक से राहत मिलगी है। शहद और नीबू भी तरह-तरह से उसे खाने के लिए दें। इससे गले की खराश से राहत मिलेगी। मुलैठी, जोशांडा आदि को भी सर्दी-जुकाम में प्रभावी पाया जाता है।

**सवाल-** मेरी मां की उम्र 70 साल है। उनकी डाइट पिछले कुछ सालों में काफी कम हो गई है। साग-सब्जी खाने में भी आनाकानी करती हैं। उनका रक्तचाप अकसर कम हो जाता है। पोषण से जुड़ी उनकी इस समस्या के निपटारे के लिए क्या किया जा सकता है?

**- पूजा सिंह, पटना**

**जवाब-**कम रक्तचाप की कई वजहें हो सकती हैं। बढ़ती उम्र और पोषण की कमी उनमें से एक है। कम रक्तचाप की समस्या का सामना करने के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी व अन्य तरल पदार्थों के सेवन पर ध्यान दें। ठंड के मौसम में वैसे भी हम सब पानी कम पीने लगते हैं। अपनी मां को नियमित अंतराल पर पानी, सूप और अन्य तरल पदार्थ दें। इस बात को ध्यान में रखें कि शरीर में पानी की कमी से भी रक्तचाप कम होता है। मां के आहार में विटामिन बी 12 युक्त खाद्य पदार्थों को शामिल करें। अंडा, फोर्टिफाइड आदि विटामिन-बी 12 के अच्छे स्रोत होते हैं। बाजार में न्यूट्रीशनल यीस्ट उपलब्ध हैं। उसे भी मां के आहार का हिस्सा बनाएं। यह विटामिन-बी समूह के सभी विटामिन्स का अच्छा स्रोत होता है। फोलेट से भरपूर खाद्य पदार्थ जैसे दाल, फल, अंडे और हरी पत्तेदार सब्जियां भी पोषण की कमी को दूर करने में मददगार साबित होंगी। अगर वह खाना बहुत ही कम खाती हैं, तो आप डॉक्टरी परामर्श पर उन्हें फोलेट और विटामिन बी1 सप्लीमेंट भी दे सकती हैं। नियमित अंतराल पर कम-कम मात्रा में कुछ-कुछ खाने से भी मदद मिलेगी।

**सवाल-**मेरे पैर में फ्रैक्चर हो गया है। डेढ माह के लिए प्लास्टर भी लग चुका है। पर, मैं यह जानना चाहती हूं कि क्या खानपान में कुछ ऐसी चीजों को शामिल किया जा सकता है, जिससे न सिर्फ रिकवरी तेजी से हो बल्कि ठंड की यह चोट मुझे बाद में परेशान भी न करे?

**- प्रियंका स्मिता, भागलपुर**

**जवाब-**जब हड्डियां बहुत ज्यादा कमजोर और नाजुक हो जाती हैं, तो वो जरा-सी चोट लगने या गिरने पर भी टूट जाती हैं। शायद आपके साथ भी ऐसा ही कुछ हुआ है। आपकी कमजोर हड्डियां भविष्य में ऑस्टियोपोरोसिस का कारण न बनें, इसके लिए आपको अभी से ही तैयारी शुरू कर देनी होगी। इस दिशा में पहला कदम है, नियमित व्यायाम। व्यायाम हड्डियों को मजबूत बनाने में कैल्शियम से भी ज्यादा प्रभावी साबित होता है। बस, आपको अपनी हड्डियों की सेहत को ध्यान में रखते हुए सही व्यायाम का चुनाव करना होगा। तैराकी और साइकलिंग एक शानदार कार्डियोवस्कुलर व्यायाम हैं, पर वो हड्डियों की सेहत पर कुछ खास असर नहीं डालते। ऐसे व्यायाम जो गुरुत्वाकर्षण के खिलाफ आपको दबाव बनाने के लिए मजबूर करते हैं (जैसे टहलना, वेट लिफ्टिंग, सीढ़िया चढ़ना आदि) हड्डियों के घनत्व को बढ़ाने में मददगार साबित होते हैं। हड्डियों को सेहतमंद बनाने वाले पोषक तत्वों को अपने आहार का हिस्सा बनाएं और याद रखें कि सिर्फ कैल्शियम यह काम नहीं करता है। अपने आहार में विटामिन डी, के, सी और मैग्नीशियम व पोटैशियम जैसे मिनरल्स भी शामिल करें। हड्डियों के घनत्व को बढ़ाने के लिए आपको पॉलिअनसैचुरेटेड वसा का सही संयोजन भी चाहिए, इसलिए अपनी डाइट में ओमेगा 6 और ओमेगा 3 को शामिल कीजिए। अनाज और मीट जहां ओमेगा 6 के स्रोत हैं, वहीं मछली, अखरोट और अलसी के बीज ओमेगा 3 के स्रोत है। एंटी-इंफ्लामेट्री डाइट लें। इससे आपको भविष्य में कूल्हे के फ्रैक्चर का खतरा भी कम होगा। फल, सब्जियां, मछली, ओमेगा 3 और साबुत अनाज इस लक्ष्य को पाने में मदद करेंगे। शराब और सिगरेट से दूर रहें।

## राशिफल

प्रियंका जैन

**मेष** रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। निवेश के सुखद परिणाम आएंगे। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। किसी बड़ी बाधा के दूर होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ मिलेगा।

**वृष** अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। दूसरों से अपेक्षा पूर्ण नहीं होने से खिन्नता रहेगी। कार्य में विलंब होगा। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। पारिवारिक चिंता बनी रहेगी।

**मिथुन** पुराने शत्रु परेशान कर सकते हैं। थकान व कमजोरी रह सकती है। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

**कर्क** नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। कारोबार में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। नए व्यापारिक अनुबंध होंगे। धनार्जन होगा। लंबे समय से रुके कार्यों में गति आएगी।

**सिंह** कुसंगति से हानि होगी। पूजा-पाठ में मन लगेगा। कोर्ट व कचहरी के कार्य अनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। परिवार के साथ समय अच्छा व्यतीत होगा। आर्थिक उन्नति के प्रयास सफल रहेंगे।

**कन्या** वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। खासकर स्त्रियां रसोईघर में ध्यान से कार्य करें। आज वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। किसी व्यक्ति से बेवजह विवाद हो सकता है। लेन-देन में जल्दबाजी न करें।

**तुला** कोर्ट व कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। सुख के साधन जुटेंगे। कारोबार में वृद्धि होगी। निवेशादि शुभ रहेंगे। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। स्त्री पक्ष से लाभ होगा। अज्ञात भय रहेगा।

**वृश्चिक** लेन-देन में जल्दबाजी न करें। किसी अपरिचित पर अतिविश्वास न करें। आय में वृद्धि होगी। भूमि व भवन संबंधी योजना बनेगी। कोई बड़ा लाभ हो सकता है। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे।

**धनु** भागदौड़ रहेगी। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। प्रसन्नता रहेगी। किसी गलती का खामियाजा भुगतना पड़ सकता है।

**मकर** पुराना रोग उभर सकता है। किसी बड़ी समस्या से सामना हो सकता है। लेन-देन में विशेष सावधानी रखें। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। दुःखद समाचार मिल सकता है। किसी व्यक्ति से बेवजह विवाद हो सकता है।

**कुंभ** प्रयास सफल रहेंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। पराक्रम बढ़ेगा। आय में वृद्धि होगी। पराक्रम बढ़ेगा। किसी बड़े काम को करने में रुझान रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। नौकरी में प्रशंसा प्राप्त होगी। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड से लाभ होगा।

**मीन** शुभ समाचार प्राप्त होंगे। घर में मेहमानों का आगमन होगा। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। विवेक से कार्य करें। विरोधी सक्रिय रहेंगे। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। नौकरी में चैन रहेगा।

# मुक़ादमो से छुटकारा कब तक मिल सकता है ?

किन ग्रहो और कुण्डली के कौन से भाव मुक़ादमो में जातक या जातिका को फसा देते है और कौन से ग्रह मुक़ादमो से निकालेंगे आज इस विषय पर बात करते है। कभी-कभी जीवन मे हम किसी न किसी मुक़ादमे मे फस जाते है जैसे, शादी में पति-पत्नी की पास में न बनने पर तलाक का मुकादमा, प्रॉपर्टी विवाद का मुकादमा, लड़ाई झगड़े में किसी के द्वारा मुकादमा कर दिया गया हो या अन्य किसी भी तरह का मुकादमा हो सकता है।अब मुकदमे में न कोई वेबजह पड़ना चाहता है न करना लेकिन परिस्थिति वश ऐसा हो जाये तो क्या मुकदमे में सफलता मिलेगी, मुक़ादमे में कोई हानि खुद की नही होगी या होगी और कब तक मुकदमे से मुक्ति मिल जाएगी। आज इसी विषय पर बात करते है:-






प्रियंका जैन
9769994439

कुंडली का छठा घर मुक़ादमे(Court Case)का है, साथ ही 9वा घर न्याय या न्यायालय+भाग्य का है तो जब कुंडली का छठा घर और छठे घर का स्वामी बलवान और शुभ स्थिति में होता है तब जातक मुकादमें कोई खास नुकसान नही और मुक़ादमे में सफलता की स्थिति मजबूत होती है अब मुकादमा में सफलता मिले और मुकदमे का फैसला खुद पक्ष में रहे इसके लिए जरूरी है जिस बात से सबंधित मुकादमा किया गया है उस बात से संबंधित फल का विचार जिस भाव से किया जाता है कुंडली का वह भाव और ग्रह भी अच्छे होने चाहिए, जैसे मुकादमा प्रॉपर्टी विवाद का किसी का होगा, तब छठे भाव सहित कुंडली का चौथा भाव ,चौथे भाव का स्वामी और प्रॉपर्टी का ग्रह मंगल भी अच्छी स्थिति में होना चाहिए, वरना यदि जिस मामले में मुक़ादमे किया गया है उस मामले से सबंधित ग्रह और घर की स्थिति ठीक नही होगी तब मुकादमा चलता रहेगा कुछ हासिल खास नही होगा जैसे मुकादमा शादी से संबंधित हो तब ,तब ऐसी स्थिति में जातक का सातवां घर बलवान होना चाहिए , सातवे घर का स्वामी बलवान होना चाहिए साथ ही कुंडली का छठा घर क्योंकि यह मुक़ादमे का है तब ही शादी /तलाक का मुकादमा जातक या जातिका जीत पायेंगे, दोनों में से जिसकी कुंडली मे भी जीत की स्थिति अच्छी होगी।

# 'कुंभ का संदेश, एक हो पूरा देश' अभियान की कमान

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' के 117वें एपिसोड में की 'महाकुम्भ-2025' की चर्चा

### पीएम की अपील : 'एकता का महाकुंभ' के साथ अपलोड करें सेल्फी

**लखनऊ।** सनातन संस्कृति के सबसे बड़े समागम महाकुम्भ का आयोजन प्रयागराज में 13 जनवरी से 26 फरवरी के मध्य होने जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के 'महाकुंभ का संदेश, एक हो पूरा देश' का साकार रूप में देने में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जुटे हुए हैं। दरअसल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' के 117वें एपिसोड में 'महाकुम्भ-2025' की दिव्यता, भव्यता की चर्चा की। उन्होंने देशवासियों को बताया कि संगम तट पर जबरदस्त तैयारियां चल रही हैं। कुछ दिन पहले जब प्रयागराज गया था तो हेलीकाप्टर से पूरा कुम्भ क्षेत्र देखकर मन प्रसन्न हो गया। इतना विशाल, इतना सुन्दर, इतनी भव्यता। प्रधानमंत्री ने कहा कि अगर कम शब्दों में कहें तो 'महाकुंभ का संदेश, एक हो पूरा देश' और दूसरे तरीके से कहूंगा 'गंगा की अविरल धारा, न बंटे समाज हमारा'। इस अपील के साथ प्रधानमंत्री ने देश-दुनिया के श्रद्धालुओं को महाकुम्भ में आमंत्रित भी किया। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में महाकुम्भ की तैयारियां अंतिम चरण में चल रही हैं। 2019 कुम्भ की अपेक्षा महाकुम्भ में मेला क्षेत्र से लेकर श्रद्धालुओं के लिए सुविधाओं में व्यापक विस्तार किया गया है।

### विश्व में कहीं और नहीं दिखता 'अनेकता में एकता' का ऐसा दृश्य



'मन की बात में' प्रधानमंत्री ने कहा कि महाकुम्भ की विशेषता केवल इसकी विशालता में ही नहीं, बल्कि इसकी विविधता में भी है। इस आयोजन में करोड़ों लोग एक साथ एकत्र होते हैं। लाखों संत, हजारों परंपराएं, सैकड़ों संप्रदाय, अनेक अखाड़े इसका हिस्सा बनते हैं। कहीं कोई भेदभाव नहीं दिखता है। यहां कोई बड़ा-छोटा नहीं होता। 'अनेकता में एकता' का ऐसा दृश्य विश्व में कहीं और देखने को नहीं मिलेगा। इसलिए हमारा कुम्भ 'एकता का महाकुम्भ' भी होता है। इस बार का महाकुम्भ भी एकता के महाकुम्भ के मंत्र को सशक्त करेगा। पीएम ने अपील की कि जब हम कुम्भ में शामिल हों तो एकता के इस संकल्प को अपने साथ लेकर वापस आएं और समाज में विभाजन-विद्वेष के भाव को नष्ट करने का संकल्प भी लें।

### मुख्यमंत्री व उनके मंत्री दे रहे आमंत्रण

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वयं आगंतुकों को महाकुम्भ का आमंत्रण दे रहे हैं। दिल्ली में शनिवार को मुख्यमंत्री ने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, स्वास्थ्य मंत्री-भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, मिजोरम के राज्यपाल जनरल वीके सिंह से मिलकर उन्हें आमंत्रित किया है। इसके साथ ही योगी सरकार के मंत्रियों ने अन्य राज्यों में पहुंचकर मुख्यमंत्रियों, राज्यपाल व अन्य गणमान्य लोगों को महाकुम्भ में आमंत्रित किया है।

### डिजिटल महाकुम्भ के साक्षी बनेंगे श्रद्धालु

प्रधानमंत्री ने कहा कि इस बार प्रयागराज में देश-दुनिया के श्रद्धालु डिजिटल महाकुम्भ के भी साक्षी बनेंगे। डिजिटल नेविगेशन की मदद से आगंतुकों को अलग-अलग घाट, मंदिर, साधुओं के अखाड़े तक पहुंचने का रास्ता मिलेगा, यही नहीं नेविगेशन सिस्टम पार्किंग तक पहुंचने में भी मदद करेगा। पहली बार कुम्भ आयोजन में एआई चैटबॉट का प्रयोग होगा। इसके माध्यम से 11 भारतीय भाषाओं में कुम्भ से जुड़ी हर जानकारी हासिल की जा सकेगी। इस चैट बॉट से टेक्स्ट टाइप करके या बोलकर किसी भी तरह की मदद मांग सकते हैं। मेला क्षेत्र को एआई पावर्ड कैमरा से कवर किया जा रहा है। कुम्भ में कोई बिछड़ जाएगा तो इन कैमरों से उन्हें खोजने में भी मदद मिलेगी। श्रद्धालुओं को डिजिटल लॉस्ट एंड फाउंड सेंटर की सुविधा भी मिलेगी। श्रद्धालुओं को मोबाइल पर गवर्नमेंट अप्रूव्ड टूर पैकेजेस ठहरने की जगह और होम स्टे के बारे में भी जानकारी दी जाएगी।

## खबर संक्षेप

### EVM पर अखिलेश यादव ने फिर उठाए सवाल

**लखनऊ।** जर्मनी के फ्रैंकफर्ट से सासंद राहुल कुमार कंबोज ने पूर्व मुख्यमंत्री और सपा प्रमुख अखिलेश यादव से मुलाकात की है। इस दौरान दोनों नेताओं की लंबी बातचीत भी हुई है। अखिलेश से मुलाकात के बाद राहुल ने कहा कि उत्तर प्रदेश के लिए अखिलेश के साथ मिलकर काम करने की इच्छा है।

इस दौरान अखिलेश ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की जिसमें उन्होंने EVM को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े किए हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि आज भी जर्मनी में बैलेट पेपर से वोट किया जाता है, लेकिन भारत में ईवीएम का खेल जारी है। सांसद राहुल कुमार कंबोज ने कहा कि अखिलेश यादव से मित्रता भाव से मिलने आया हूं। उन्होंनें कहा कि युवाओं को बड़ा मौका मिलने वाला है। उसकी दिशा में मिलकर काम करेंगे। दोनों देशों की मित्रता एक अवसर के रूप में काम करें। राहुल कुमार कंबोज ने कहा कि सबसे पहले मैं जर्मन भाषा मे कुछ कहना चाहूंगा। लखनऊ में पहली बार आज आने का मौका मिला। हमारी फोन पर अखिलेश से बात होती रहती है। जर्मनी में जो अपॉरचुनिटी है उसको इंडिया लेकर आये यूपी में लेकर आये। अखिलेश ने जो जर्मनी में मुद्दे उठाये थे। आईटी स्पेशलिस्ट जो जर्मनी गए है। राहुल ने ईवीएम को लेकर कहा कि हमारे जर्मनी में आज भी वोटिंग बैलेट पेपर पर होती है। चाहे चुनाव छोटा हो या बड़ा हो बैलेट पर होता है। अगर रि-काउंटिंग होती है तो एक वोट इधर उधर नही होता है।

### साढ़े सोलह लाख से अधिक किसानों की बन चुकी है फार्मर्स आई.डी

**लखनऊ।** प्रदेश भर में अभियान चलाकर फार्मर्स आईडी बनायी जा रही है, जिससे अन्नदाताओं को योजनाओं का लाभ मिलने में पारदर्शिता और तेजी लाई जा सके। वर्तमान में प्रदेश में 2,22,96,269 किसान निवास कर रहे हैं। अब तक यह आईडी 16, 65, 269 किसानों की बन चुकी है। वहीं फार्मर्स आईडी बनाने में पूरे प्रदेश में जौनपुर ने बाजी मारी है जबकि रामपुर, अंबेडकरनगर, महराजगंज और पीलीभीत ने टॉप फाइव जिलों में जगह बनायी है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश की कमान संभालते ही किसानों को हर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए कई बड़े कदम उठाये। उसी का नतीजा है कि आज प्रदेश का अन्नदाता खुशहाल के साथ समृद्ध हो रहा है। उनकी आय में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। सीएम योगी के निर्देश पर अन्नदाताओं की डिजिटल आईडी बनाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। वर्तमान में प्रदेश में 2,22,96,269 अन्नदाता निवास कर रहे हैं। ऐसे में उन्हे डिजिटल आईडी मुहैया कराने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। प्रदेश में 28 दिसंबर शाम 6 बजे तक 16,65,233 फार्मर्स आईडी बनायी जा चुकी है।

# जहां योगी रहते हैं उसके नीचे भी शिवलिंग है, इसकी भी खुदाई हो : अखिलेश यादव

एजेंसी । लखनऊ

इन दिनों उत्तर प्रदेश की राजनीति में मंदिर मिलने और खुदाई का मुद्दा छाया हुआ है। संभल के बाद हर शहर में नए मंदिर मिल रहे हैं और हर जगह मंदिर और शिवलिंग मिलने के दावे किए जा रहे हैं। इन दावों के बीच समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी एक दावा किया है। अखिलेश यादव ने रविवार को दावा किया कि लखनऊ में जहां सीएम योगी रहते हैं, वहां मुख्यमंत्री आवास के नीचे एक शिवलिंग है। अखिलेश ने मांग की कि इसकी भी खुदाई होनी चाहिए।

सपा मुख्यालय में मीडिया से बात करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री आवास के नीचे एक शिवलिंग है। यह हमारी जानकारी है। इसकी भी खुदाई होनी चाहिए। अखिलेश यादव के इस दावे के बाद कई तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। अखिलेश इससे पहले भी संभल में चल रही खुदाई पर निशाना साध चुके हैं। अब मुख्यमंत्री आवास की खुदाई की मांग के पीछे उनकी रणनीति और मंशा को सीधे तौर पर संभल में चल रही खुदाई से जोड़ा जा रहा है।



### भाजपा और कांग्रेस को बनाया निशाना

संभल में जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हुई हिंसा के बाद प्रशासन लगातार मुस्लिम इलाकों में बिजली चोरी और मंदिरों के जीर्णोद्धार में लगा हुआ है। यहां कई पुराने कुओं को फिर से खोदकर नया जीवन दिया जा रहा है। जो बावड़ियां भूमिगत हो गई हैं, उनमें भी खुदाई चल रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि जब मैं नए घर में जा रहा था, तब एक जनहित याचिका दायर की गई थी। मैं भाजपा और कांग्रेस दोनों से जनहित याचिका दायर करने वालों को जानता हूं।

### कुंभ का निमंत्रण देने को लेकर भी साधा निशाना

साथ ही अखिलेश ने सीएम योगी के दिल्ली जाकर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह समेत कई अन्य लोगों को कुंभ का निमंत्रण देने पर भी सवाल उठाए। अखिलेश ने कहा कि कुंभ में निमंत्रण नहीं दिया जाता। लोग आस्था के चलते खुद ही कुंभ में आते हैं। मैं किसी के बारे में कुछ नहीं कहना चाहता। हमने अपने धर्म में पढ़ा है कि ऐसे आयोजनों में लोग खुद ही आते हैं। क्या करोड़ों लोग जो आएंगे, उन्हें बुलाया गया है? यह सरकार अलग है।

अखिलेश ने कहा कि सरकार ने कहा था कि कुंभ से पहले गंगा एक्सप्रेसवे शुरू हो जाएगा, लेकिन यह कहां शुरू हुआ। अखिलेश ने एक बार फिर ईवीएम पर सवाल उठाए और कहा कि ईवीएम के कारण यहां हारने वाले को अपनी हार का और जीतने वाले को अपनी जीत का भरोसा नहीं है। इसलिए हमारी मांग है कि बैलेट से ही चुनाव कराए जाएं।

### कुंभ मेले की व्यवस्था पर भी उठाए सवाल

अखिलेश यादव ने राजभवन के बाहर अवैध अतिक्रमण बुलडोजर कार्रवाई को लेकर निर्माण का मुद्दा उठाया। पूछा कि क्या इसका नक्शा स्वीकृत है? वहां बुलडोजर कब चलेगा? अखिलेश यादव पिछले कुछ दिनों से प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ की तैयारियों में चल रही अव्यवस्था पर सवाल उठा रहे हैं। उन्होंने इसे लेकर एक्स पर कई वीडियो पोस्ट किए हैं। इसे लेकर अखिलेश ने कहा कि अगर हमारे कार्यकर्ताओं पर मुकदमे दर्ज किए गए तो हम कुंभ मेले में हुई पूरी अव्यवस्था को उजागर कर देंगे।

# नए साल का जश्न मनाना नाजायज: मौलाना शहाबुद्दीन रजवी



**लखनऊ।** ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने मुस्लिम समुदाय से नया साल न मनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि मुस्लिमों को नए साल पर जश्न नहीं मनाना चाहिए, ये गैर मुस्लिमों का त्योहार है। एक फतवा जारी करते हुए उन्होंने कहा कि इस्लाम में नाचना गाना पूरी तरह से हराम है। शरियत में ये काम मुजरिमों वाला है। ऐसे में मुस्लिम युवाओं को हिदायत दी जाती है कि नया साल न मनाए।

नया साल आने को है, 2 दिन बाद साल 2024 खत्म हो जाएगा। लोग आने साल 2025 के स्वागत के लिए जोर शोर से तैयारी कर रहे हैं। एक तरफ नए साल के जश्न मनाने की प्लानिंग की जा रही है, तो वहीं दूसरी तरफ ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने मुस्लिम समुदाय से नया साल न मनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि मुस्लिमों को नए साल पर जश्न नहीं मनाना चाहिए। शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने एक फतवा जारी करते हुए कहा कि नए साल का जश्न मनाना, मुबारकबाद देना और प्रोग्राम आयोजित करना इस्लाम पूरी तरह से नाजायज है। उन्होंने कहा कि नए साल का जश्न मनाना फक्र की बात नहीं है, इसकी मुबारकबाद नहीं देनी चाहिए।



# MBBS छात्र की हुई मौत, भारत नहीं आया शव

**कासगंज।** उत्तर प्रदेश के कासगंज में एमबीबीसी की पढ़ाई कर रहे 25 वर्षीय छात्र प्रियेश राजपूत की हार्ट अटैक से मौत हो गई। यह हादसा 24 दिसंबर हुआ था। भारत में रह रहे उनके परिजन मृत छात्र का शव भारत वापस लाने की मांग करते रहे, लेकिन शव भारत नहीं लाया गया और वहीं उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया। अंतिम संस्कार को परिजनों को वीडियो कॉल के जरिए दिखाया गया। लेकिन शव को भारत नहीं आने पर परिजन उसका अंतिम दर्शन पाने से वंचित रह गये।

बता दें कि रामपुर गांव के निवासी पूर्व ब्लॉक प्रमुख श्रीरामनिवास का बेटा प्रियेश साल 2018 में चीन में एमबीबीएस की पढ़ाई करने गया था।

## व्यापार जगत

# अदाणी की आमदनी 1.5 लाख करोड़ तक पहुंचने का अनुमान




**नई दिल्ली।** अरबपति गौतम अदाणी की अगुवाई वाले बंदरगाह से लेकर ऊर्जा क्षेत्र में काम करने वाले समूह की प्रमुख कंपनी अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड (एईएल) का राजस्व वित्त वर्ष 2023-24 से 2026-27 के दौरान सालाना आधार पर 17.5 प्रतिशत की दर से बढ़कर 1,56,343 करोड़ रुपये पर पहुंचने का अनुमान है। इस दौरान कंपनी का शुद्ध लाभ 45.8 प्रतिशत सालाना की दर से बढ़ सकता है। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। वेंचुरा सिक्योरिटीज ने एक रिपोर्ट में कहा कि एईएल भारत के सबसे बड़े सूचीबद्ध इनक्यूबेटर में से एक है। इसने कई सफल व्यवसायों की परिकल्पना की है, उन्हें विकसित और परिपक्व किया है। इनमें बंदरगाह कंपनी अदाणी पोर्ट्स एंड एसईजेड, शहर गैस वितरक अदाणी टोटल गैस, बिजली पारेषण कंपनी अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस, नवीकरणीय ऊर्जा कंपनी अदाणी ग्रीन एनर्जी, अदाणी पावर और जिंस कंपनी अदाणी विल्मर शामिल हैं। कंपनी हवाई अड्डा, सौर मॉड्यूल और पवन टर्बाइन, हरित हाइड्रोजन, सड़क निर्माण, डेटा सेंटर और तांबा क्षेत्र में कार्यरत है। रिपोर्ट के अनुसार, 'कई सफल उद्योग-अग्रणी व्यवसायों की इनक्यूबेटर एईएल भविष्य की वृद्धि को गति देने के लिए महत्वाकांक्षी रूप से हरित हाइड्रोजन और इसके पारिस्थितिकी तंत्र में विविधता ला रही है।' रिपोर्ट में कहा गया, 'नवंबर, 2024 में अमेरिकी न्याय विभाग (यूएस-डीओजे) के नोटिस (रिश्वतखोरी के आरोपों पर) के बाद शेयर बाजार में अस्थिरता के बावजूद एईएल ने वित्त वर्ष 2024-25 में मजबूत बुनियादी बातों और परिचालन आधार के जरिये अच्छा प्रदर्शन किया है।'इसे 'सेकी' से 'साइट' योजना के अंतर्गत 101.5 मेगावाट प्रति वर्ष इलेक्ट्रोलाइजर विनिर्माण सुविधा के लिए ठेका मिला है।

ग्रीन हाइड्रोजन ट्रांजिशन (साइट) योजना के लिए रणनीतिक हस्तक्षेप एक वित्तीय कार्यक्रम है जो भारत में हरित हाइड्रोजन के उत्पादन और इलेक्ट्रोलाइज़र के निर्माण का समर्थन करता है। यह योजना राष्ट्रीय ग्रीन हाइड्रोजन मिशन का हिस्सा है, जिसका परिव्यय 2029-30 तक 19,744 करोड़ रुपये है।

# निजी बैंकों में कर्मचारियों के नौकरी छोड़ने की ऊंची दर से परिचालन जोखिम का अंदेशा : रिपोर्ट

एजेंसी । नई दिल्ली

निजी क्षेत्र के बैंकों में कर्मचारियों के नौकरी छोड़ने या बदलने की दर में लगभग 25 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। इस तरह कर्मचारियों के नौकरी बदलने की ऊंची दर निजी क्षेत्र के बैंकों के लिए परिचालन जोखिम पैदा करती है। भारत में बैंकिंग की प्रवृत्ति और प्रगति पर नवीनतम रिपोर्ट 2023-24 में यह कहा गया है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि चुनिंदा निजी क्षेत्र के बैंकों और लघु वित्त बैंकों (एसएफबी) में कर्मचारियों के नौकरी छोड़ने की दर अधिक है।

रिपोर्ट कहती है कि 2023-24 के दौरान निजी बैंकों के कर्मचारियों की कुल संख्या सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) से अधिक हो जाएगी, लेकिन पिछले तीन वर्षों में उनके कर्मचारियों के नौकरी बदलने की दर में तेजी से वृद्धि हुई है, और यह औसतन लगभग 25 प्रतिशत पर पहुंच गई है।



इसमें कहा गया, 'इस तरह की स्थिति महत्वपूर्ण परिचालन जोखिम पैदा करती है, जिसमें ग्राहक सेवाओं में व्यवधान शामिल है। इसके अलावा संस्थागत ज्ञान की हानि और भर्ती लागत में वृद्धि होती है। बैंकों के साथ बातचीत में रिजर्व बैंक ने जोर दिया है कि कर्मचारियों के नौकरी छोड़ने की प्रवृत्ति को कम करना सिर्फ मानव संसाधन का काम नहीं है, बल्कि एक रणनीतिक जरूरत है।'

इसमें कहा गया है कि बैंकों को दीर्घकालिक कर्मचारी जुड़ाव बनाने के लिए बेहतर जुड़ाव प्रक्रिया, व्यापक प्रशिक्षण और करियर विकास के अवसर प्रदान करना, संरक्षण कार्यक्रम, प्रतिस्पर्धी लाभ और सहायक कार्यस्थल संस्कृति जैसी रणनीतियों को लागू करने की आवश्यकता है।

इसके अलावा सोने के आभूषणों और आभूषणों के बदले कर्ज देने में पाई गई कई अनियमितताओं के मद्देनजर (टॉप-अप ऋण भी शामिल) भारतीय रिजर्व बैंक ने निगरानी वाली इकाइयों को सलाह दी है कि वे स्वर्ण ऋण पर अपनी नीतियों, प्रक्रियाओं और व्यवहार की व्यापक समीक्षा करें, ताकि खामियों की पहचान की जा सके और समयबद्ध तरीके से उचित सुधारात्मक उपाय शुरू किए जा सकें।

# ईएससी ने इलेक्ट्रॉनिक्स हार्डवेयर क्षेत्र में आरएंडी, नवाचार को बढ़ावा देने की वकालत की



**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रॉनिक्स और कंप्यूटर सॉफ्टवेयर निर्यात संवर्धन परिषद (ईएससी) ने डिजाइन से जुड़ी प्रोत्साहन (डीएलआई) योजना में और अधिक सुधार की वकालत की है, ताकि इसे अधिक व्यापक एवं प्रभावोन्मुख बनाया जा सके। रविवार को जारी एक बयान में कहा गया कि उद्योग निकाय ने हाल ही में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के साथ बातचीत के दौरान पूंजी गहन इलेक्ट्रॉनिक्स हार्डवेयर क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) तथा नवाचार को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहन की जोरदार वकालत की है।

ईएससी ने भारत में अनुसंधान एवं विकास को आगे बढ़ाने तथा पेटेंट/डिजाइन दाखिल करने के लिए अपने कारोबार का तीन प्रतिशत से अधिक खर्च करने वाली भारतीय कंपनियों के लिए अतिरिक्त आयकर छूट की भी मांग की है।

# सीआईआई का ईंधन पर उत्पाद शुल्क घटाने का सुझाव

एजेंसी । नई दिल्ली

भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने वित्त वर्ष 2025-26 के आम बजट के लिए अपने सुझावों में ईंधन पर उत्पाद शुल्क कम करने का सुझाव दिया है। उद्योग निकाय ने कहा कि खपत बढ़ाने के लिए खासकर निम्न आय स्तर पर यह छूट दी जानी चाहिए, क्योंकि ईंधन की कीमतें मुद्रास्फीति को काफी बढ़ाती हैं।

सीआईआई ने कहा कि बजट में 20 लाख रुपये प्रति वर्ष तक की व्यक्तिगत आय के लिए सीमांत कर दरों को कम करने पर भी विचार किया जा सकता है। इससे उपभोग, उच्च वृद्धि और उच्च कर राजस्व के चक्र को गति देने में मदद मिलेगी।सुझावों में यह भी कहा गया कि व्यक्तियों के लिए उच्चतम सीमांत दर 42.74 प्रतिशत और सामान्य कॉरपोरेट कर दर 25.17 प्रतिशत के बीच का अंतर अधिक है। ऐसे में मुद्रास्फीति ने निम्न और मध्यम आय वालों की क्रय शक्ति को कम कर दिया है। उद्योग निकाय ने कहा, 'केंद्रीय उत्पाद शुल्क पेट्रोल के खुदरा मूल्य का लगभग 21 प्रतिशत और डीजल के लिए 18 प्रतिशत है। मई, 2022 से, इन शुल्कों को वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में लगभग 40 प्रतिशत की कमी के अनुरूप समायोजित नहीं किया गया है। ईंधन पर उत्पाद शुल्क कम करने से समग्र मुद्रास्फीति को कम करने और खर्च करने योग्य आय बढ़ाने में मदद मिलेगी।' सीआईआई के महानिदेशक चंद्रजीत बनर्जी ने कहा कि घरेलू खपत भारत की वृद्धि यात्रा के लिए महत्वपूर्ण रही है, लेकिन मुद्रास्फीति के दबाव ने उपभोक्ताओं की क्रय शक्ति को कुछ हद तक कम कर दिया है।उन्होंने कहा कि सरकारी हस्तक्षेप के जरिये खर्च करने योग्य आय को बढ़ाने और आर्थिक गति को बनाए रखने पर ध्यान केंद्रित किया जा सकता है।



सीआईआई ने कम आय वाले समूहों को लक्षित करते हुए उपभोग वाउचर शुरू करने का सुझाव दिया, ताकि तय अवधि में कुछ खास वस्तुओं और सेवाओं की मांग को बढ़ावा दिया जा सके।

वाउचर को विशिष्ट वस्तुओं और सेवाओं पर खर्च करने के लिए तैयार किया जा सकता है और खर्च सुनिश्चित करने के लिए यह एक तय अवधि (जैसे 6-8 महीने) के लिए वैध हो सकता है। इसके अलावा सरकार से पीएम-किसान योजना के तहत वार्षिक भुगतान को 6,000 रुपये से बढ़ाकर 8,000 रुपये करने का सुझाव भी दिया गया है।

मेलबर्न टेस्ट

# चौथे दिन का खेल खत्म, 333 रनों की हुई ऑस्ट्रेलिया की बढ़त

एजेंसी । मेलबर्न

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के तहत खेली जा रही पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के चौथे मैच के चौथे दिन का खेल खत्म हो गया है। ऑस्ट्रेलिया टीम ने अपनी दूसरी पारी में 9 विकेट खोकर 228 रन बना लिए हैं। नाथन लियोन 41 रन और स्कॉट बोलैंड और 10 बनाकर नाबाद हैं। दोनों ने आखिरी विकेट के लिए अब तक 55 रन की साझेदारी कर ली है।

मेजबान टीम ने अपनी पहली पारी में 474 रन बनाए थे। इसके बाद भारतीय टीम ने अपनी पहली पारी में 369 रन बनाए। इससे पहली पारी के आधार पर ऑस्ट्रेलिया के पास 105 रन की बढ़त थी। ऐसे में अब उसकी कुल बढ़त 333 रन की हो चुकी है।



## ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी

ऑस्ट्रेलिया टीम की दूसरी पारी की शुरुआत अच्छी नहीं रही और 20 रन के स्कोर पर पहला झटका लगा। सलामी युवा बल्लेबाज सैम कोंस्टास को जसप्रीत बुमराह ने पवेलियन भेजा। कोंस्टास ने 8 रन बनाए। इसके बाद मोहम्मद सिराज ने उस्मान ख्वाजा को आउट कर दिया। ख्वाजा ने 21 रन बनाए। फिर सिराज ने स्टीव स्मिथ को अपना शिकार बनाया। वह 13 रन बना सके। इसके बाद बुमराह ने एक ही ओवर में पहले ट्रेविस हेड और मिचेल मार्श को चलता कर दिया। हेड केवल 1 रन बना सके, जबकि मिचेल मार्श खाता भी नहीं खोल सके। ऑस्ट्रेलिया का 91 के स्कोर पर छठा विकेट गिरा। बुमराह ने विकेटकीपर बल्लेबाज एलेक्स कैरी को बोल्ड कर दिया। कैरी दो रन बना सके। हालांकि दूसरे छोर से मार्नस लाबुशेन ने अच्छी बल्लेबाजी करते हुए टेस्ट करियर का 23वां अर्धशतक पूरा किया। लाबुशेन को सिराज ने अपने जाल फंसाया और उन्हें एल्बीडब्ल्यू कर पलेवियन भेजा। लाबुशेन ने 139 गेंद में 70 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया का आठवां विकेट 156 के स्कोर पर गिरा। मिचेल स्टार्क 5 रन बनाकर रन आउट हुए। ऑस्ट्रेलिया को 173 के स्कोर पर नौवां झटका लगा। कप्तान पैट कमिंस 90 गेंद में चार चौके की मदद से 41 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद नाथन लियोन ने स्कॉट बोलैंड के साथ मिलकर 10वें विकेट के लिए 55 रन की साझेदारी कर ऑस्ट्रेलिया की बढ़त को 300 के पार पहुंचा दिया। दिन का खेल खत्म होने तक नाथन लियोन 41 रन और स्कॉट बोलैंड और 10 बनाकर नाबाद हैं। ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में अब तक 9 विकेट खोकर 228 रन बना लिए हैं और कुल बढ़त 333 रन की हो चुकी है। भारत की ओर से जसप्रीत बुमराह ने अब तक चार विकेट और मो. सिराज ने तीन विकेट लिए हैं। रवींद्र जडेजा को एक विकेट मिला है।

### भारतीय टीम की पहली पारी 369 रन पर समाप्त

भारतीय टीम की पहली पारी 369 रन पर समाप्त हुई। टीम ने आज नौ विकेट पर 358 रन से आगे खेलना शुरू किया। नीतीश कुमार रेड्डी और मोहम्मद सिराज केवल 11 रन जोड़ सके। नीतीश आखिरी विकेट के रूप में आउट हुए। उन्होंने 189 गेंद में 11 चौके और एक छक्के की मदद से 114 रन की शानदारी पारी खेली। इससे पहले सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल 82 रन, कप्तान रोहित शर्मा 3 रन, केएल राहुल 24 रन, विराट कोहली 36 रन, ऋषभ पंत 28 रन, रवींद्र जडेजा 17 रन और वॉशिंगटन सुंदर 50 रन बनाकर आउट हुए थे। जसप्रीत बुमराह और आकाश दीप खाता नहीं खोल सके थे। ऑस्ट्रेलिया की ओर से पैट कमिंस, स्कॉट बोलैंड और नाथन लियोन ने तीन-तीन विकेट लिए। इसके पहले ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 474 रन बनाए। स्टीव स्मिथ ने 140 रनों की शानदार शतकीय पारी खेली।

# साउथ अफ्रीका ने रचा इतिहास

- WTC फाइनल में मारी एंट्री
- पाकिस्तान को दी शिकस्त

एजेंसी । नई दिल्ली



साउथ अफ्रीका ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बना ली है. टेंबा बावुमा की कप्तानी वाली टीम ने एक रोमांचक मुकाबले में पाकिस्तान को सिर्फ 2 विकेट के करीबी अंतर से हरा दिया और पहली बार खिताबी मुकाबले का टिकट कटाया। सेंचुरियन में खेले गए इस मुकाबले के चौथे दिन साउथ अफ्रीका ने कगिसो रबाडा और मार्को यानसन की 9वें विकेट के लिए ताबड़तोड़ 51 रन की नाबाद साझेदारी के दम पर हार को जीत में बदल दिया। वहीं दूसरी पारी में मोहम्मद अब्बास के 6 विकेट भी पाकिस्तान को जीत नहीं दिला सके।

### यानसन और रबाडा ने छीन ली जीत

साउथ अफ्रीका ने सिर्फ 99 रन पर 8 विकेट गंवा दिए थे और हार तय लग रही थी लेकिन यहां से मार्को यानसन-कगिसो रबाडा ने पैर जमा लिए। दोनों ने इसके बाद अब्बास समेत पाकिस्तानी गेंदबाजों का डटकर सामना किया और टीम को जीत के करीब ले गए। एक बार जीत करीब दिखने लगी तो रबाडा ने चौकों की बारिश कर दी। आमेर जमाल के ओवर में 11 रन बटोर कर साउथ अफ्रीका जीत के बिल्कुल करीब पहुंच गए, जिसके बाद यानसने अब्बास की गेंद पर चौका जमाकर टीम को सनसनीखेज जीत दिलाई। रबाडा सिर्फ 26 गेंदों में 31 और यानसन 16 रन बनाकर नाबाद लौटे। WTC फाइनल जून 2025 में लंदन के लॉर्ड्स मैदान में खेला जाएगा।

### अब्बास के सामने लड़खड़ाया साउथ अफ्रीका

मैच के तीसरे दिन पाकिस्तान को दूसरी पारी में 237 रन पर आउट करने के बाद साउथ अफ्रीका को 148 रन का लक्ष्य मिला था लेकिन अब्बास और खुर्रम शहजाद ने सिर्फ 19 रन तक 3 विकेट गिरा दिए थे। यहां से एडन मार्करम और कप्तान टेंबा बावुमा ने पारी को संभाला। चौथे दिन दोनों बल्लेबाजों ने 27 रन के स्कोर से पारी को आगे बढ़ाया। अफ्रीकी टीम बेहतर स्थिति में दिख रही थी लेकिन तभी मोहम्मद अब्बास ने मार्करम का विकेट हासिल कर लिया।

इसके बाद भी क्रीज पर कप्तान टेंबा बावुमा थे, जो अच्छी लय में दिख रहे थे और टीम को 96 रन तक पहुंचा चुके थे। साउथ अफ्रीका को सिर्फ 52 रन की जरूरत थी, जबकि 6 विकेट बचे थे लेकिन यहीं पर बावुमा ने एक ऐसी गलती की, जिससे पारी लड़खड़ा गई। अब्बास की गेंद पर गैरजरूरी बड़ा शॉट खेलने गए और विकेटकीपर के हाथों कैच हो गए। इसके बाद उन्होंने ये एक और गलती करते हुए रिव्यू नहीं लिया। रिप्ले में दिख रहा था कि गेंद उनके बैट के बजाए थाई पैड से लगी थी। यहां से अब्बास का कहर बरपा और अगली 11 गेंदों के अंदर साउथ अफ्रीका के 3 विकेट और गिर गए। अब्बास ने लगातार गेंदों पर डेविड बेडिंघम और कॉर्बिन बॉश को आउट कर पहली बार टेस्ट में 6 विकेट झटक लिए।

## दूसरी बार विश्व रैपिड शतरंज खिताब जीतकर कोनेरू हम्पी ने रचा इतिहास



एजेंसी । नई दिल्ली

भारतीय ग्रैंडमास्टर कोनेरू हम्पी ने रविवार को न्यूयॉर्क में इतिहास रचते हुए विश्व रैपिड शतरंज चैंपियनशिप में जीत हासिल की। उन्होंने इंडोनेशिया की इरीन सुकंदर को हराकर दूसरी बार विश्व रैपिड शतरंज चैंपियनशिप खिताब जीता। ऐसा करने वाली वे पहली भारतीय महिला शतरंज खिलाड़ी हैं।

2019 में मॉस्को में जीत के बाद यह इस प्रारूप में उनकी दूसरी खिताबी जीत है। चीन की जू वेनजुन के बाद हम्पी महिला वर्ग में एक से अधिक बार खिताब जीतने वाली दूसरी शतरंज खिलाड़ी बन गई हैं। 37 वर्षीय हम्पी ने 11 में से 8.5 अंकों के साथ टूर्नामेंट का समापन किया। यह भारतीय ग्रैंडमास्टर के लिए निर्णायक जीत थी। रूस के 18 वर्षीय वोलोदर मुर्जिन ने पुरुष वर्ग में यह खिताब जीता। हाल ही में सिंगापुर में क्लासिकल शतरंज विश्व चैंपियनशिप में डी गुकेश ने चीन के डिंग लिरेन को हराकर चैंपियन बने थे।

# जसप्रीत बुमराह का टेस्ट मैचों में कमाल

## सबसे कम टेस्ट में 200 विकेट लेने वाले भारत के पहले तेज़ गेंदबाज़

एजेंसी । नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम के गेंदबाज़ जसप्रीत बुमराह सबसे कम टेस्ट मैच खेलकर 200 विकेट लेने वाले भारत के पहले तेज़ गेंदबाज़ बन गए हैं। बुमराह ने यह रिकॉर्ड भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच चल रहे टेस्ट सिरीज़ के दौरान मेलबर्न में चल रहे चौथे टेस्ट मैच में बनाया है। जसप्रीत बुमराह की इस उपलब्धि पर बीसीसीआई ने भी उन्हें बधाई दी है।

बीसीसीआई ने सोशल मीडिया वेबसाइट एक्स पर लिखा है, ₹हम केवल जस्सी भाई पर भरोसा करते हैं। बुमराह के 200 टेस्ट विकेट बुम बुम बुमराह। उन्होंने यह उपलब्धि ट्रेविस हेड का बड़ा विकेट लेकर हासिल की है।₹ बुमराह ने यह कारनामा अपने 44वें टेस्ट मैच में कर दिखाया है। जसप्रीत बुमराह अपनी इस उपलब्धि के साथ क्रिकेट इतिहास के उन तेज़ गेंदबाज़ों की कतार में शामिल हो गए हैं, जिन्होंने सबसे बेहतर औसत के साथ टेस्ट मैचों में 200 विकेट हासिल किए हैं। ख़ास बात यह है कि इस मामले में जसप्रीत बुमराह का औसत सबसे बेहतर है। उन्होंने वेस्ट इंडीज़ के मैलकम मार्शल, जोएल गार्नर, कर्टली एम्ब्रोस और इंग्लैंड के फ्रेड ट्रूमैन को पीछे छोड़ दिया है।



### दुनिया के शीर्ष गेंदबाज़ों की कतार में शामिल बुमराह

वहीं भारत के पूर्व तेज़ गेंदबाज़ इरफ़ान पठान ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है, ₹हमारा अब तक का सबसे बेहतरीन गेंदबाज़ – बुमराह। 20 से भी कम औसत के साथ 200 विकेट। ग़ज़ब।₹ सबसे अच्छे औसत के साथ 200 विकेट लेने वाले दुनिया के बाक़ी शीर्ष गेंदबाज़ों की बात करें तो वेस्ट इंडीज़ के मैलकम मार्शल ने 81 टेस्ट, जोएल गार्नर ने 58 टेस्ट और कर्टली एम्ब्रोस ने 98 टेस्ट मैचों में यह रिकॉर्ड बनाया था। जबकि इंग्लैंड के फ्रेड ट्रूमैन ने 67 टेस्ट मैच खेलकर यह उपबल्धि हासिल की थी। सबसे कम मैच खेलकर 200 विकेट लेने का रिकॉर्ड पाकिस्तान के यासिर शाह के नाम है, जिन्होंने महज़ 33 टेस्ट मैच खेलकर यह उपलब्धि हासिल की है।

### बुमराह का रिकॉर्ड स्ट्राइक रेट और बधाइयों की बौछार

जसप्रीत बुमराह ने न केवल सबसे कम रन ख़र्च कर 200 विकेट हासिल किए हैं, बल्कि उनका स्ट्राइक रेट भी इन गेंदबाज़ों से काफ़ी बेहतर है।

बुमराह ने महज़ 42.1 के स्ट्राइक रेट के साथ अपने 200 विकेट पूरे किए हैं। इस मामले में उनसे ऊपर केवल दक्षिण अफ़्रीकी गेंदबाज़ कगीसो रबाडा हैं। भारत के लिए सबसे कम टेस्ट मैचों में 200 विकेट की बात करें तो इस मामले में रविचंद्रन अश्विन शीर्ष पर हैं जिन्होंने 37 टेस्ट मैच में यह उपलब्धि हासिल की है। इस मामले में बुमराह और जडेजा दोनों ने 44वें टेस्ट में यह रिकॉर्ड बनाया है। बुमराह के इस रिकॉर्ड के बाद उन्हें कई लोगों से बधाई मिल रही है। भारतीय टीम के पूर्व ऑलराउंडर रवि शास्त्री ने लिखा है, ₹कमाल के गेंदबाज़। माइंड ब्लोइंग। बहुत अच्छा।₹

## अर्शदीप सिंह हुए आईसीसी 'टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर ऑफ द ईयर' के लिए नामांकित

एजेंसी । दुबई

भारतीय तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को इस सत्र में संयुक्त रूप से सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज बनने और भारत की टी20 विश्व कप जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए 'आईसीसी पुरुष टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर ऑफ द ईयर पुरस्कार' के लिए नामांकित किया गया है। अर्शदीप (25 वर्ष) इस प्रतिष्ठित सम्मान के लिए पाकिस्तान के बाबर आजम, ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड और जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा के साथ प्रतिस्पर्धा करेंगे। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप ने बारबाडोस में भारत की टी20 विश्व कप जीत में अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने 18 मैचों में 13.5 के औसत से 36 विकेट लेकर टी20 अंतरराष्ट्रीय में संयुक्त रूप से सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज के रूप में वर्ष का समापन किया।

भुवनेश्वर कुमार के 2022 में 37 विकेट के बाद एक कैलेंडर वर्ष में टी20 अंतरराष्ट्रीय में किसी भारतीय तेज गेंदबाज का यह दूसरा सबसे अच्छा प्रदर्शन है। अर्शदीप ने टी20



विश्व कप में 17 विकेट लिए और टूर्नामेंट में सबसे अधिक विकेट लेने के मामले में अफगानिस्तान के फजलहक फारूकी के साथ बराबरी पर रहे। उनका सबसे यादगार प्रदर्शन फाइनल में रहा जिसमें उन्होंने एडेन मार्करम और क्विंटन डी कॉक जैसे मुख्य खिलाड़ियों को जल्दी आउट कर दक्षिण अफ्रीका के लिए मुश्किल पैदा की। 19वें ओवर में उन्होंने सिर्फ चार रन दिए जिससे भारत की जीत तय हो गई। आईसीसी पुरस्कार 2024 के विजेताओं की घोषणा जनवरी 2025 के अंत में की जाएगी।

# नॉर्थ अमेरिका में भी चल रहा 'पुष्पा 2' का राज, बंपर कमाई अब भी जारी

'पुष्पा 2 : द रूल' 2024 की सबसे बड़ी ब्लॉकबस्टर्स बनकर उभरी है, जो कि इंडिया और वर्ल्डवाइड लेवल पर रिकॉर्ड तोड़ रही है। सुकुमारके निर्देशन में बनी फिल्म में रश्मिका मंदाना और अल्लू अर्जुन मुख्य भूमिका में नजर आए हैं। फिल्म को रिलीज हुए चौथा हफ्ता चल रहा है, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर 'पुष्पा' की रफ्तार थमने का नाम नहीं ले रही है। फिल्म ने दुनियाभर में 1700 करोड़ का आंकड़ा पार करके माइलस्टोन क्रिएट किया है। 'पुष्पा 2' सिर्फ भारत में ही नहीं, बल्कि नॉर्थ अमेरिकी बॉक्स ऑफिस पर भी धमाल मचा रही है।



नॉर्थ अमेरिकी बॉक्स ऑफिस पर करीब चार हफ्ते में अल्लू अर्जुन की फिल्म ने 14.9 मिलियन डॉलर यानी 127 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई कर ली है। अब ये फिल्म 15 मिलियन डॉलर का आंकड़ा तेजी से छूने वाली है। 'पुष्पा 2' के लिए ये मील का पत्थर साबित होगा। हालांकि अभी फाइनल आंकड़े आने बाकी हैं।

'पुष्पा 2' जब से बॉक्स ऑफिस पर आई है, तब से इसने बाकी फिल्मों की छुट्टी कर दी है। 'पुष्पा' के अलावा एक और बड़े बजट की फिल्म 'बेबी जॉन' भी थिएटर्स में लगी हुई है, लेकिन इसके क्रेज के आगे ये भी फीकी है। इस फिल्म का लोगों में इस कदर क्रेज है कि इसने साउथ से ज्यादा हिंदी बेल्ट से जमकर कमाई की है। 'पुष्पा 2' हिंदी की तमाम फिल्मों से आगे निकल गई है और इसने हिंदी बॉक्स ऑफिस पर 700 करोड़ रुपये से ज्यादा कलेक्शन किया है। साउथ की कोई फिल्म हिंदी बेल्ट में इतनी कमाई करेगी, शायद इस बात का अंदाजा फिल्म के डायरेक्टर सुकुमार को भी नहीं होगा।

### 'पुष्पा 2' कलेक्शन डे 25

भारत में 'पुष्पा 2' के कलेक्शन की बात करें तो आज 25वां दिन हो गया है और फिल्म की कमाई के आंकड़े सामने आ गए हैं। सैकनिल्क के अनुसार खबर लिखे जाने तक चौथे रविवार को 'पुष्पा 2' ने 8।62 करोड़ का कारोबार किया है। घरेलू बॉक्स ऑफिस पर फिल्म की कुल कमाई 1149।97 करोड़ रुपये हो गई है। हालांकि अभी फाइनल आंकड़े आने बाकी हैं।

# 2025 में बॉक्स ऑफिस पर गदर मचाने आ रहे हैं ये सितारे

2024 में कई सारी एक्शन थ्रिलर फिल्में आईं, लेकिन उनमें से कुछ ही सफल हो पाईं। जबकि उम्मीद लगभग सभी से थी और अब नए साल में भी कई बेहतरीन एक्शन फिल्में आ रही हैं और उन फिल्मों से भी काफी उम्मीदे हैं। 2025 की शुरुआत कुछ ही दिनों में हो रही है और अगर आपको नए साल में आने वाली नई फिल्मों का इंतजार है तो कुछ ऐसी फिल्में हैं, जिनकी लिस्ट आज यहां लाए हैं। सलमान खान, शाहिद कपूर, अजय देवगन और टाइगर श्रॉफ की फिल्मों की ऑफिशियल अनाउंसमेंट हुई है। जबकि ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर की फिल्म वॉर 2, विकी कौशल की 'छावा' और अक्षय कुमार की फिल्म स्काई फोर्स जैसी एक्शन-थ्रिलर फिल्में भी नए साल पर आएंगी। ऑफिशियल अनाउंसमेंट वाली फिल्में किस दिन रिलीज हो रही हैं, इसकी जानकारी यहां दे रहे हैं।

### 'देवा' (14 फरवरी)

शाहिद कपूर की फिल्म देवा 14 फरवरी 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। पहले ये फिल्म 31 जनवरी को आने वाली थी, लेकिन शाहिद ने इसकी नई डेट के बारे में 19 जुलाई 2024 को इंस्टाग्राम पर जानकारी दी थी। फिल्म में शाहिद पुलिस ऑफिसर के रोल में दिखेंगे और वहीं इनके अलावा पूजा हेगड़े और कुबरा सैत जैसे कलाकार नजर आएंगे।



### 'सिकंदर' (ईद 2025)

एआर मुरुगादॉस के निर्देशन में बनी फिल्म सिकंदर 2025 में ईद के मौके पर रिलीज होगी। सलमान खान की इस फिल्म का टीजर रिलीज कर दिया गया है। 2025 में ईद मार्च महीने के अंत में पड़ सकती है तो फिल्म भी उसी के ईर्द-गिर्द रिलीज होगी। इस फिल्म में सलमान खान के अपोजिट रश्मिका मंदाना भी नजर आएंगी।



### 'जाट' (अप्रैल 2025)

सनी देओल की एक्शन-थ्रिलर फिल्म जाट का टीजर भी कुछ समय पहले रिलीज हुआ। ये फिल्म अप्रैल 2025 में रिलीज होगी, जिसकी जानकारी सनी देओल ने इंस्टाग्राम पर दी है।

### 'बागी 4' (25 सितंबर)

5 सितंबर 2025 को ए हर्षा के निर्देशन में बनी फिल्म बागी 4 रिलीज होगी। टाइगर श्रॉफ स्टारर इस फिल्म में संजय दत्त मेन विलन होंगे जिसका पोस्टर भी रिलीज हुआ है।





### 'रेड 2' (1 मई)

एक मई 2025 को राज कुमार गुप्ता के निर्देशन में बनी फिल्म रेड 2 रिलीज होगी। फिल्म में अजय देवगन लीड रोल में नजर आएंगे और ये फिल्म 2018 में आई 'रेड' का सीक्वल है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### हाई-स्पीड बुलेट ट्रेन के अपडेट किए हुए मॉडल का चीन ने किया अनावरण

**नई दिल्ली।** बदलते टेक्नोलॉजी के इश दौर में आपने बुल्लेट ट्रेन तो देखा ही। लेकिन, अगर मैं आपको बताऊं कि एक ऐसी भी ट्रेन बनाई गई है, जो प्लेन के स्पीड से रेल पटरियों पर दौरेगी, तो आप थोड़े देर के लिए सोच में पड़ सकते हैं। मगर यह सच है। यह खोज कोई और देश में नहीं बल्कि चीन में हुई है। चीन ने एक ऐसी ट्रेन बनाई है, जो प्लेन की स्पीट से रेल पटरियों पर दौरेगी। चीन ने रविवार (29 दिसंबर) को अपनी हाई-स्पीड बुलेट ट्रेन के अपडेट किए हुए मॉडल का अनावरण किया। ट्रेन के निर्माता का दावा है कि परीक्षण के दौरान इसकी गति 450 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच गई, जिसके साथ ही यह दुनिया की सबसे तेज हाई-स्पीड ट्रेन बन गई है। चाइना स्टेट रेलवे ग्रुप कंपनी (चाइना रेलवे) के अनुसार सीआर450 प्रोटोटाइप के रूप में जाने जाने वाले नए मॉडल से यात्रा का समय और कम होगा और कनेक्टिविटी भी सुधरेगी, जिससे यात्रियों के लिए यात्रा अधिक सुविधाजनक हो जाएगी।

### किसान आंदोलन के चलते 107 ट्रेनें रद्द और डायवर्ट

**पंजाब।** MSP सहित अपनी 13 मांगें मनवाने के लिए धरने पर बैठे किसानों ने कल 30 दिसंबर को पंजाब में 10 घंटे के बंद का ऐलान किया है। आज सुबह लगभग 7 बजे से शाम 4 बजे तक बंद जारी रहेगा। इस दौरान इमरजेंसी सेवाओं को केवल छूट रहेगी। किसान नेताओं ने दुकानों और व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रखने की अपील की है। बंद को लेकर रेलवे ने भी 107 ट्रेनों को रद्द तथा डायवर्ट करने की घोषणा कर दी है। बता दें कि किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने पंजाब बंद का ऐलान किया है। पंधेर ने कहा कि वे पीएम मोदी तथा सुप्रीम कोर्ट के जजों को कई बार लेटर लिख रहे हैं। लेकिन उनको कोई जवाब नहीं मिला है। अब संयुक्त किसान मोर्चा ने पंजाब बंद का ऐलान किया है और उत्तर रेलवे ने पुष्टि की है कि सोमवार को पंजाब में 107 मेल, एक्सप्रेस या सुपरफास्ट ट्रेनों के परिचालन को लेकर फैसला किया गया है।

### थाने में दलित युवक की मौत पर राजनीति गर्म

**देवास।** देवास जिले के एक पुलिस थाने में एक दलित व्यक्ति की मौत के बाद उसके परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया, जबकि विपक्षी दल कांग्रेस ने रविवार को मोहन यादव के नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार पर राज्य में 'जंगल राज का आरोप लगाया। इस बाबत पुलिस अधीक्षक पुनीत गहलोत ने बताया कि मुकेश लोंगरे की शनिवार को मौत हो गई थी। उन्होंने बताया कि मुकेश को 26 दिसंबर को एक महिला द्वारा उसके खिलाफ दर्ज कराई गई शिकायत के संबंध में पूछताछ के लिए सतवास पुलिस थाने बुलाया गया था। पुलिस अधीक्षक ने कहा, 'जब इंस्पेक्टर आशीष राजपूत उसका बयान पढ़ रहे थे, तो लोंगरे ने मौका पाकर गमछे से अपनी गर्दन में फंदा लगाया, उसे लॉक-अप में खिड़की की ग्रिल से बांधा और अपनी गर्दन से खींचने लगा। पुलिस ने उसे रोका और अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।' मामले पर SP गहलोत ने कहा, 'उसके खिलाफ कोई मामला नहीं है। उसे सिर्फ अपना बयान दर्ज कराने के लिए बुलाया गया था।

# पटना में BPSC छात्रों पर लाठीचार्ज

## झड़प के बाद पुलिस का एक्शन

एजेंसी | पटना

बिहार में BPSC की परीक्षा को फिर से कराने की मांग को लेकर सीएम आवास पर पहुंचे बीपीएससी अभ्यर्थियों पर पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया। पुलिस ने ये एक्शन अभ्यर्थियों के साथ झड़प के बाद लिया। पुलिस की ओर से छात्रों को रोकने के लिए वाटर कैनन का भी इस्तेमाल किया गया। आक्रोश मार्च की अगुवाई जन सुराज के मुखिया प्रशांत किशोर कर रहे हैं। मुख्यमंत्री आवास के लिए निकलने से पहले ये छात्र गांधी मैदान में इकट्ठा हुए थे। जहां, छात्र संसद बुलाई गई थी। छात्र संसद में मुख्यमंत्री आवास जाने का फैसला किया गया था।

बीपीएससी छात्र ऐसे समय में मुख्यमंत्री आवास जा रहे थे जब राज्य के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार दिल्ली में हैं। वो दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के परिवार से मिलने के लिए आये हैं। पुलिस के साथ झड़प की वजह से कुछ छात्र घायल भी बताए जा रहे हैं। छात्रों के आक्रोश मार्च की अगुवाई जन सुराज के मुखिया प्रशांत किशोर कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि छात्रों के प्रदर्शन को देखते हुए सरकार भी बातची करने पर राजी हो गई है। इसके लिए एक कमेटी बनेगी जो कि छात्रों की समस्याओं को सुनेगी उसके बाद आगे का फैसला लेगी। पटना की एसपी स्वाति सेहरावत ने कहा कि छात्रों पर लाठीचार्ज नहीं किया गया है। हमने कहा कि बातचीत के लिए तैयार हैं। समझाने की कोशिश की गई। इसलिए वाटर कैनन का इस्तेमाल किया गया। छात्रों की ओर से पुलिस प्रशासन के साथ धक्का-मुक्की की गई। मेरे साथ भी धक्का मुक्की हुई। हमने समझाने की पूरी कोरिश की। अब जगह खाली कराया गया है।



### प्रशांत किशोर ने छात्रों से शांति से घर लौटने की अपील की

प्रशांत किशोर ने कहा है कि सरकार के जो प्रशासनिक पदाधिकारी हैं उन्होंने हमें आश्वस्त किया है कि सरकार बात के लिए तैयार हो गई है। 5 सदस्यीय छात्रों की कमेटी मुख्य सचिव से आज और अभी बात करेंगे। सरकार के रवैये को देखने के बाद आगे का निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने आंदोलनकारी छात्रों से शांति से घर लौटने की अपील की।

### सीएम आवास से पहले पुलिस ने छात्रों को रोका

खबर आ रही है कि पुलिस ने आक्रोश मार्च निकाल रहे छात्रों को बीच में ही रोक दिया। पुलिस का कहना है कि मुख्यमंत्री दिल्ली गए हैं। ऐसी स्थिति में छात्रों को आगे बढ़ने की अनुमति नहीं दी गई है। हालांकि, छात्र मुख्यमंत्री आवास की ओर से आगे बढ़ने के लिए अड़े हुए हैं। दूसरी ओर पुलिस बैरिकेडिंग के जरिए सुरक्षा घेरा बना रखी है ताकि कोई भी छात्र सीएम आवास की ओर आगे न बढ़ सके।

### एक दिन पहले छात्रों से मिले थे प्रशांत किशोर

एक दिन पहले यानी शनिवार को प्रशांत किशोर बीपीएससी छात्रों से मिलने के लिए पटना पहुंचे थे। प्रशांत किशोर से मुलाकात के बाद छात्रों ने राजभवन तक मार्च को फिलहाल के लिए स्थगित कर दिया। इसके बाद फैसला लिया गया कि गांधी मैदान में छात्रों की धर्म संसद बैठेगी। अब इसमें फैसला लिया गया कि है कि छात्र मुख्यमंत्री आवास की ओर कूच करेंगे।

# त्रिची एयरपोर्ट पर कछुओं की तस्करी का खुलासा

## चॉकलेट के डिब्बे में भरे थे ढाई हजार कछुए

एजेंसी | चेन्नई

त्रिची एयरपोर्ट पर कस्टम विभाग ने कछुओं की तस्करी का खुलासा किया है। कस्टम टीम ने कुआलालंपुर से आए एक पार्सल में से 2447 जिंदा कछुए बरामद किए हैं। ये कछुए तस्करी कर कुआलालंपुर से भारत लाए गए थे। घटना रविवार दोपहर की है। इस संबंध में कस्टम विभाग अज्ञात के खिलाफ पुलिस में मुकदमा दर्ज कराया है। अब कस्टम टीम और पुलिस यह पता करने की कोशिश कर रही है कि इन कछुओं को कौन लेकर आया था और त्रिची एयरपोर्ट से इन्हें कहां ले जाया जाना था।

कस्टम अधिकारियों के मुताबिक रविवार की सुबह सूचना मिली थी कि कुआलालंपुर से त्रिची एयरपोर्ट पहुंच रही फ्लाइट में कछुओं की तस्करी हो रही है। इस फ्लाइट कछुओं की बड़ी खेप रखी गई है। इस सूचना पर अलर्ट हुई कस्टम की टीम ने फ्लाइट के लैंड होते ही जांच पड़ताल शुरू कर दी। इस दौरान चॉकलेट के कुछ संदिग्ध डिब्बे नजर आने पर टीम ने इन्हें खुलवाकर देखा। इन सभी डिब्बों में कछुए भरे हुए थे। इनकी संख्या 2447 बताई जा रही है।




### पहले भी सामने आ चुके हैं मामले

जानकारी के मुताबिक चॉकलेट के डिब्बों में तस्करी की यह कोई पहली घटना नहीं है। इससे पहले कई बार चॉकलेट के डिब्बों में नशीले पदार्थों की तस्करी का खुलासा हो चुका है। खुद त्रिची एयरपोर्ट पर ही इस तरह के तीन चार मामले सामने आ चुके हैं। हालांकि पहली बार चॉकलेट के डिब्बे में कछुओं की तस्करी का मामला सामने आया है। फिलहाल कस्टम विभाग ने वन विभाग के अधिकारियों को बुलाकर सभी कछुए उनकी संरक्षण में दे दिए हैं।

# घाटी में बर्फबारी, सड़कों पर फंसे यात्री

एजेंसी | कश्मीर

कश्मीर में इन दिनों भीषण बर्फबारी देखने को मिल रही है। बर्फबारी के बीच कुछ टूरिस्ट तो मजे करते हुए दिखाई दे रहे हैं तो वहीं जो लोग रास्तों में फंसे हैं उनका बुरा हाल हो रहा है। गुरेज़-बंदिपोरा रोड गुरेज़ घाटी में भारी बर्फबारी के कारण तीसरे दिन भी यातायात बंद रहा। बंदीपोरा जिला अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में बर्फ हटाने के प्रयास पूरे जोर-शोर से चल रहे हैं ताकि सड़क को फिर से खोलने का काम जल्द पूरा किया जा सके।

दावर तहसील की गुरेज़ घाटी में बागटोरे और तुलैल जैसे इलाके शामिल हैं जहां मैदानों और ऊंचे इलाकों में भारी बर्फबारी हुई है। सड़क का एक महत्वपूर्ण हिस्सा, रज़दान टॉप, इस समय सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है। अधिकारियों ने एहतियातन इस रास्ते को बंद करने का फैसला लिया है। गुरेज़ के सब-डिवीजनल मजिस्ट्रेट (एसडीएम) मुख्तार अहमद ने सड़क बंद होने पर कहा, 'रज़दान टॉप पर बर्फबारी के दौरान परिस्थितियां अत्यधिक खतरनाक हो जाती हैं। हल्की बर्फबारी में भी यह रास्ता फिसलन भरा हो जाता है। वर्तमान में हो रही भारी बर्फबारी के कारण यह मार्ग यात्रा के लिए सुरक्षित नहीं है।' इस सप्ताह की शुरुआत से ही जारी भीषण मौसम ने परिवहन व्यवस्था को बाधित कर दिया है। दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ा दिया है। अधिकारियों ने आम जनता से आग्रह किया है कि वे सुरक्षित रहने के लिए प्रभावित क्षेत्रों में अनावश्यक यात्रा से बचें।

### खतरा बने फिसलन भरे रास्ते



गुरेज़ घाटी में बर्फबारी के चलते ठंड बढ़ने के साथ-साथ बर्फ हटाने का काम भी तेज़ी से किया जा रहा है। मौसम के साथ खराबी के कारण सड़क की बहाली में समय लग सकता है। अधिकारियों का कहना है कि वे जल्द से जल्द मार्ग को फिर से खोलने के लिए काम कर रहे हैं। यह सड़क बंद होना गुरेज़ के निवासियों के लिए सर्दियों के मौसम में होने वाली कठिनाइयों को और बढ़ा देता है। जो अक्सर बर्फबारी के दौरान कनेक्टिविटी समस्याओं का सामना करते हैं।

### खाना और पानी पहुंचाया

जम्मू और कश्मीर पुलिस ने जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर फंसे यात्रियों को सहायता प्रदान की। पुलिस ने यात्रियों को गर्म-गर्म भोजन और शीतल पेय देकर उन्हें राहत दी। बर्फबारी और सड़क की फिसलन के कारण कई यात्री घंटों तक फंसे रहे थे। आवंतिपोरा पुलिस ने बर्फबारी के बीच एक महिला की जान बचाई है। शाहाबाद आवंतिपोरा से एक कॉल आई जिसमें बताया गया कि एक महिला को तुरंत इलाज की जरूरत है उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। परिजन महिला को अस्पताल तक नहीं ले जा पा रहे थे। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए एक विशेष टीम को भेजा और महिला को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया, जिससे उसकी जान बच गई। मंडी के 4 मील में एक गाड़ी पर पहाड़ के ऊपर से अचानक पत्थर गिरे। इस हादसे में कार के अंदर बैठी एक महिला की मौत हो गई है जबकि 2 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायलों को हॉस्पिटल में भर्ती किया गया है। सभी मुंबई के रहने वाले बताए जा रहे हैं और सभी मनाली से घूमने के बाद वापस जा रहे थे।

# संभल हिंसा पीड़ितों से मिलेगा सपा का डेलिगेशन

एजेंसी | संभल

संभल हिंसा के पीड़ित परिवारों से सपा का प्रतिनिधि मंडल आज मिलेगा। इस बात की जानकारी सपा जिला अध्यक्ष असगर अली अंसारी ने दी। उन्होंने कहा कि प्रतिनिधि मंडल में सांसद और विधायक शामिल हैं। बता दें कि इससे पहले सपा प्रतिनिधि मंडल को पीड़ितों से मिलने से पुलिस ने रोक दिया था। प्रतिनिधि मंडल में सांसद हरेंद्र मलिक, रुचि वीरा, इकरा हसन, जियाउर्रहमान बर्क, नीरज मौर्य और विधायक इकबाल महमूद, पिंकी यादव और कमाल अख्तर शामिल हैं। सपा जिला अध्यक्ष असगर अली अंसारी ने कहा 24 नवंबर को संभल में जो हिंसा हुई थी, उसमें मृतकों के परिवारों को आर्थिक सहायता देने के लिए अखिलेश जी ने वादा किया था। पहले भी ये प्रतिनिधि मंडल आना था लेकिन प्रशासन ने नहीं आने दिया था। वहीं, अब प्रतिनिधि मंडल आ रहा है। प्रतिनिधि मंडल की तरफ से पीड़ित परिवारों को पांच-पांच लाख रुपए का चेक दिया जाएगा। पीड़ित परिवारों से सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव भी मिलेंगे, हालांकि वे बाद में मिलने आएंगे। उत्तर प्रदेश के संभल में 24 नवंबर को जामा मस्जिद की पैमाइश के दौरान हिंसा भड़क गई थी। हुई हिंसा के सिलसिले में मंगलवार को सात लोगों को गिरफ्तार किया गया।



# राजस्थान में नौ जिलों को समाप्त करने के फैसले के खिलाफ सियासत तेज

एजेंसी | जयपुर

राजस्थान में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व बीजेपी सरकार ने राज्य के नौ जिलों को समाप्त करने के फैसले लिया। इसके बाद विपक्ष ने इसको मुद्दा बनाकर बीजेपी के खिलाफ हल्ला बोल दिया। सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन तेज हो गया है। यह फैसला शनिवार को मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया, जिसमें राज्य की पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार द्वारा गठित 17 नए जिलों में से नौ को समाप्त करने का फैसला किया गया है। इन जिलों को समाप्त करने के फैसले के बाद संबंधित क्षेत्रों में विरोध तेज हो गया है। शाहपुरा जिला बनाओ संघर्ष समिति ने बाजार बंद करवा दिया, जबकि नीमकाथाना में टायर जलाकर प्रदर्शन किया गया। अनूपगढ़ में भी प्रदर्शनकारियों ने नाराजगी व्यक्त की। पूर्व राज्य मंत्री सुखराम बिश्नोई ने इसे राजनीतिक विद्वेष से प्रेरित कदम बताते हुए सोमवार को कलेक्टर कार्यालय के सामने महापड़ाव की चेतावनी दी है। विरोध प्रदर्शन में कांग्रेस ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

### जगह-जगह विरोध प्रदर्शन



### कई समितियों ने जताई नराजगी

कई संघर्ष समितियों ने भी फैसले पर गहरी नाराजगी जताई। अनूपगढ़ जिला बनाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष सुरेश बिश्नोई ने इसे जनता के साथ धोखा करार दिया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोगों ने लंबे संघर्ष के बाद जिला बनवाने का सपना साकार किया था, लेकिन अब इसे खत्म कर देने से जनता में गुस्सा है। नीमकाथाना में छात्र संगठनों ने बंद का आह्वान करते हुए सरकार पर जनता की अनदेखी का आरोप लगाया। राजनीतिक और सामाजिक संगठनों के विरोध के बीच भाजपा सरकार के इस फैसले ने राज्य की सियासत को गर्मा दिया है। विरोध प्रदर्शनों और आंदोलन की चेतावनियों के चलते सरकार पर दबाव बढ़ रहा है।

# बाइक पर गिरी हाईटेंशन लाइन

## दो बच्चों समेत जिंदा जल गए तीन लोग

एजेंसी | गोरखपुर

गोरखपुर में रविवार की देर शाम बड़ा हादसा हुआ है। यहां सोनबरसा बाजार में एक बाइक पर हाईटेंशन लाइन गिर गई। इस लाइन के संपर्क में आते ही धमाके के साथ बाइक में आग लग गई। इससे बाइक पर सवार एक युवक और दो बच्चों की मौके पर ही झुलसने से मौत हो गई है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव कब्जे में लेने का प्रयास किया। हालांकि इस घटना से आक्रोशित लोगों ने शव उठाने से मना कर दिया है। पुलिस के मुताबिक मृत युवक की उम्र करीब 24 साल है। वहीं उसके साथ बाइक पर सवार दोनों बच्चियों में एक उसकी बेटी तो दूसरी भतीजी है।

घटना एम्स थाना क्षेत्र की है। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने मौके पर बिजली विभाग के खिलाफ लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा खड़ा कर दिया है। हालांकि मौके पर पहुंची पुलिस लोगों को समझा बुझाकर शांत करने की कोशिश कर रही है। घटना की जानकारी मिलने पर खुद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संज्ञान लिया है। उन्होंने डीएम और एसएसपी से बात कर उन्हें तत्काल मौके पर पहुंचने का निर्देश दिया है। उन्होंने इस घटना में मृत युवक और दोनों बच्चियों के लिए संवेदना व्यक्त करते हुए घायलों के लिए समुचित उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।



### 11 हजार वोल्ट की लाइन गिरने से हादसा

पुलिस के मुताबिक मृतकों की पहचान विशुनपुर खुर्द टोला धनहा निवासी 24 वर्षीय शिवराज निषाद तथा उनकी दो साल की बेटी और 9 साल की भतीजी के रूप में हुई है। रविवार की शाम को यह तीनों बाइक पर सवार होकर कहीं जा रहे थे। सोनबरसा स्थित नहर के पास से गुजरते समय अचानक से हाई टेंशन लाइट टूट कर इनके ऊपर गिर गई और यह हादसा हो गया। पुलिस के मुताबिक घटना शाम लगभग 6 बजे की है। इनके ऊपर 11000 वोल्ट की लाइन गिरी है।

### मौके पर हुआ हंगामा

घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने इन्हें बचाने की खूब कोशिश भी की, लेकिन मदद पहुंचने तक इन तीनों की मौत हो चुकी थी।सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर एंबुलेंस में रखवाकर पोस्टमार्टम हाउस भेजने की कोशिश की, लेकिन मौके पर आक्रोशित भीड़ ने रोक दिया। इसके बाद बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए लोगों ने मौके पर खूब हंगामा भी किया।

# दिल्ली में वोटर लिस्ट को लेकर छिड़ी लड़ाई

## केजरीवाल के आरोपों पर आई चुनाव आयोग की सफाई

एजेंसी | नई दिल्ली

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के मतदाताओं के नाम काटे जाने के आरोपों पर अब चुनाव आयोग ने सफाई दी है। वह इस मुद्दे पर लगातार प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रहे हैं और कह रहे हैं कि बीजेपी यह 'साजिश' रच रही है। चुनाव आयोग ने साफ किया कि 6 जनवरी तक फाइनल वोटर लिस्ट जारी कर दी जाएगी और वोटर लिस्ट में बदलाव होते रहते हैं, जो अभी भी जारी है। पूर्व मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया था कि 15 दिसंबर को बड़े पैमाने पर अभियान शुरू हुआ था, जिसमें अब तक उनके विधानसभा क्षेत्र नई दिल्ली में 5,000 मतदाताओं के नाम हटाने के लिए आवेदन दिए गए, जबकि नाम जोड़ने के लिए 7500 आवेदन किए गए।



### क्या बोले थे अरविंद केजरीवाल

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि उनके विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाताओं की संख्या 106,873 है। उन्होंने दावा किया कि मतदाताओं की यह संख्या 20 अगस्त से 20 अक्टूबर के बीच किए गए संशोधनों के बाद 29 अक्टूबर को जारी की गई सूची के अनुसार है।

### चुनाव आयोग ने दी सफाई

जिस सूची का जिक्र अरविंद केजरीवाल कर रहे हैं, उस पर चुनाव आयोग ने अब स्पष्ट किया है कि मतदाता सूची का मसौदा 29 अक्टूबर को जारी किया गया था। इसके अलावा 29 अक्टूबर से 28 नवंबर तक प्राप्त आवेदनों का निपटारा 24 दिसंबर तक किया गया। इसके अलावा 1 जनवरी तक प्राप्त सभी आवेदनों को शामिल किया जाएगा और फिर 6 जनवरी को अंतिम सूची जारी की जाएगी।

### मेरे निर्वाचन क्षेत्र तक पहुंचा ऑपरेशन लोटस

अरविंद केजरीवाल ने आरोप लगाया कि ऑपरेशन लोटस अब मेरे निर्वाचन क्षेत्र तक पहुंच गया है। वे चुनाव परिणामों को बदलने के लिए मतदाता सूची में हेरफेर करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा, इस तरह की हेराफेरी लोकतंत्र को कमजोर करती है। हम चुनाव आयोग से अपील करते हैं कि वह इस तरह की अनियमितताओं को रोकने के लिए अपनी सख्त निगरानी जारी रखे। इसी बीच आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने रविवार को आरोप लगाया कि भाजपा उनकी पत्नी का नाम नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र की मतदाता सूची से हटवाने का प्रयास कर रही है। इस पर दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने भी पलटवार किया है।

# ठेकेदार की मौतः प्रियांक खरगे के करीबी राजू कपनूर समेत 6 लोगों के खिलाफ FIR दर्ज

एजेंसी | कलबुर्गी

बीजेपी विधायक बसवराज मत्तिमाडु और अन्य नेताओं की हत्या की साजिश रचने के मामले में कर्नाटक के कलबुर्गी शहर के स्टेशन बाजार पुलिस थाने के कर्मियों ने शनिवार को कांग्रेस नेता और पूर्व पार्षद राजू कपनूर सहित 6 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। राजू कपनूर कलबुर्गी जिले के प्रभारी मंत्री प्रियंक खरगे के करीबी सहयोगी माने जाते हैं।पुलिस ने यह मामला सचिन पांचाल नाम के ठेकेदार द्वारा लिखे गए सुसाइड नोट के आधार पर दर्ज किया गया है, जिसमें दावा किया गया था कि कांग्रेस नेताओं ने मत्तिमाडु, अंडोला मठ के सिद्धलिंग स्वामी, बीजेपी नेता मणिकांत राठौड़ और चंदू पाटिल की हत्या की साजिश रची थी।



बीदर के रहने वाले सचिन पांचाल ने बृहस्पतिवार को एक ट्रेन के सामने कूदकर तौर पर अपनी जान दे दी थी। सचिन का शव बीदर जिले में कट्टीटोंगोव के पास रेलवे ट्रैक पर मिला था। पुलिस को उसके पास से 7 पन्नों का सुसाइड नोट बरामद हुआ था, जिसमें उसने कपनूर और उनके सहयोगियों पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया था। सचिन ने लिखा था कि प्रियंक के करीबी कलबुर्गी सिटी कॉर्पोरेशन के पूर्व सदस्य राजू कपानुरू ने टेंडर दिलाने के नाम पर उससे 15 लाख रुपए लिए थे। इसके बाद वो एक करोड़ रुपए और मांग रहा था। लेकिन उसने कोई भी टेंडर नहीं दिलाया। घटना के बाद बीदर जिले के प्रभारी मंत्री ईश्वर खांडरे भालकी तालुक में सचिन पांचाल के घर पहुंचे, जहां परिवार के लोगों ने नाराजगी जाहिर करते हुए उन्हें वहां से चले जाने के लिए कहा और सचिन की मौत के लिए उन्हें जिम्मेदार ठहराया। इस दौरान खांडरे ने परिवार को सांत्वना दी और आश्वासन दिया कि मौत के मामले में शामिल दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।